हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025



# बगैर ऋण पुस्तिका रजिस्ट्री कराने 10 हजार रुपए देने की मजबूरी! बनवाने लग रहे दोगुने दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी सालों की कमाई खर्च कर जमीन खरीदने वाले पक्षकारों को अब तक जहां राजस्व महकमे की कमीशनखोरी से परेशाना होना पड़ रहा था। वहीं अब पंजीयक विभाग में भी बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही है। बताया गया कि बगैर ऋण पुस्तिका के रजिस्ट्री करने के एवज में दस-दस हजार रुपए तक की रिश्वत की मांग हो रही है। इतना ही नहीं बैन खसरे की रजिस्ट्री करने में भी विभाग के अफसर पीछे नहीं हट रहे हैं।

इस मामले में अब शासन स्तर पर भी शिकायत की तैयारी कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर राजस्व महकमे में डटे पटवारी और आरआई अब ऋण पुस्तिका की कमी और आला अफसरों की सहमति नहीं होने का बहाना देकर ऋण पुस्तिका बनाने के लिए चार गुना तक कमीशन मांग रहे हैं, जहां पहले 3 से 5 हजार रुपए में काम हो जाता था। अब पक्षकार की हैसियत देखकर दाम तय किए जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो 20-20 हजार रुपए तक ऋण पुस्तिका बनाने के एवज में कमीशन लिए गए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक ओर जहां राजस्व महकमे के पटवारी पिछले तीन से चार महीनों से ऋण पुस्तिका नहीं बना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अब पंजीयन कराने पहुंच रहे पक्षकारों से ऋण पुस्तिका नहीं होने पर रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर कमीशन मांगा जा रहा है। बड़ी बात यह है कि अर्जीनवीस के जरिये यह पूरा खेल हो रहा है।

⏩ शेष पेज 14 पर

## यह कैसा सरकारी सिस्टमः बैन खसरों की भी हो रही रजिस्ट्री, मनमानी से आमजन हलाकान

### रोज शाम होता है हिसाब

इस पूरे खेल को करीब से जानने वाले एक सूत्र ने बताया कि पंजीयन दफ्तर में कमीशन का पूरा खेल रजिस्ट्री कराने वाले अर्जीनवीस के जरिये होता है। अर्जीनवीसों की मजबूरी है कि वे पंजीयन दफ्तर का कमीशन भी पक्षकारों से कागज तैयार करने एवं उसमें लगने वाले शुल्क के साथ जोड़कर ले लेते हैं। रोज शाम को रजिस्ट्री की संख्या के अनुसार ही हिसाब किया जाता है, जहां सामान्य रजिस्ट्री के लिए डेढ़ से दो हजार रुपए का दाम तय है। वहीं विवादित मामलों में 10 से 20 हजार रुपए तक लिए जाते हैं। इतना ही नहीं ऑनलाइन नामांतरण जैसी प्रक्रिया के लिए भी पैसे लिए जा रहे हैं।



### तहसीलों में लूट, शासन बेखबर

जब से शासन ने नामांतरण की प्रक्रिया पंजीयक विभाग से जोड़ दी है, तब से ही राजस्व महकमे के कर्मचारी ऋण पुस्तिका बनाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। तहसीलदार से आदेश या निर्देश मिलने के बाद ही ऋण पुस्तिका बनाने जैसी बातें भी पटवारी पक्षकारों से कह रहे हैं। ऐसे में अपना काम कराने के लिए पक्षकार मजबूरी में 10 से 20 हजार रुपए तक की कीमत दे रहे हैं। इसकी शिकायत भी होती रही है, लेकिन बावजूद इसके कोई ठोस कदम शासन-प्रशासन स्तर पर नहीं लिए जा रहे हैं।

## जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारी शुरू, पहली बार डिजिटल प्रक्रिया

# तहसीलदार-एसडीएम सहित शिक्षकों की मांगी डिटेल, एप से होगी प्रक्रिया

सत्यम शर्मा ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

कोरोना संक्रमण की वजह से अपने तय समय से छह साल देरी से शुरू होने वाली जनगणना प्रक्रिया की तैयारियां शुरू हो गई है। जून महीने में अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र में होने के बाद अब जमीनी स्तर पर घर-घर जाकर डाटा एकत्र करने वाले कर्मचारियों की कुंडली तैयार की जा रही है। इसके लिए प्रदेश स्तर से सभी जिलों के शिक्षा विभाग से शिक्षकों की जानकारी मंगाई गई है। इसके अलावा जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं आयुक्त की फोन नंबर सहित अन्य जानकारी तैयार की जा रही है।

बताया गया कि पहली बार जनगणना की प्रक्रिया एप के माध्यम से डिजिटल रूप से होगी। जिसमें सी सदस्यों का नाम, पारिवारिक स्थिति, घर-संपत्ति का ब्योरा और रोजगार जैसी जानकारी शामिल की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार साल 2027 मार्च से शुरू होने वाली जनगणना इतिहास में पहली जनगणना होगी, जहां पूरी तरह से डिजिटल एंट्री की जाएगी। ज्ञात हो कि 2020 में जनगणना के तहत लोगों की गिनती कराने की तैयारी थी, लेकिन कोरोना महामारी ने इस पर ब्रेक लगा दिया था। ऐसे में अब अगले साल प्रदेश में डिजिटल गिनती की तैयारी की जा रही है। जिसके नए फॉर्मेट में जाति का कॉलम हो सकता है। हालांकि अभी विस्तृत आदेश का इंतजार है, परन्तु सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रक्रिया के तहत सबसे पहले घरों की लिस्टिंग होगी, इसके कुछ महीने बाद लोगों की गिनती होगी। नए साल की शुरुआत के साथ ही प्रक्रिया के लिए स्टाफ को ट्रेनिंग देने का काम भी शुरू हो जाएगा। ट्रेनिंग में कमिश्नर, कलेक्टर व प्रगणक भी शामिल होंगे।

जनगणना की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर दो पत्र अब तक जिला जनगणना कार्यालय को मिल चुकें है। जिसके अनुसार तैयारियां जारी है।

### जनगणना 2011 के अनुसार जिले की जनसंख्या

कुल- 884742, महिला 444526, पुरुष 440216, साक्षरता दर- 78.46%

**खास बातें**

- अगले साल से शुरू होगी मकानों की सूचीकरण कार्य
- साल 2027 से की जाएगी जिले में जनगणना प्रक्रिया




### एक फार्मेट में ली जा रही शिक्षकों की डिटेल

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों से एक तय फार्मेट में शिक्षकों की जानकारी मंगाई गई है। इसमें 18 प्रकार की डिटेल शामिल है। जिसमें नाम, लिंग, जन्म तिथि, पदनाम, विभाग, कार्यालय का पता, संपर्क नंबर, ईमेल, पहचान का दस्तावेज, बैंक का नाम, पैन नंबर, आधार नंबर समेत ज्ञात भाषाओं की जानकारी शामिल है। ज्ञात हो कि जिले में करीबन साढ़े आठ हजार सरकारी शिक्षक हैं। जिनमें से 70 फीसदी से अधिक की तैनाती जनगणना में की जा सकती है।

### दो चरणों में होगी प्रक्रिया

ऐसा माना जा रहा है कि हाउस-लिस्टिंग ऑपरेशन की शुरूआत अगले साल अप्रैल से सितंबर के बीच की जाएगी। जिसमें आवास की स्थिति, सुविधाएं और घरों के पास उपलब्ध संपत्तियों से जुड़ी जानकारी एकत्र की जाएगी। वहीं जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में आरंभ होगा। घर के सदस्यों की जातियों का विवरण भी दर्ज किया जा सकता है। यह कदम सामाजिक-आर्थिक नीतियों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े प्रदान करेगा, जो दशकों से लंबित मांग रही है। ज्ञात हो कि 2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल एससी और एसटी श्रेणी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

**तीन एप किए गए तैयारः** सूत्रों की माने तो इस बार साल 2026-27 में पहली बार डिजिटल जनगणना होगी। इसके लिए जनगणना निदेशालय की तरफ से तीन ऐप को लॉन्च किया जाएगा, जो कि एंड्राइड-आईफोन दोनों में उपयोग किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से हर घर का मुखिया ही अपने घर-परिवार की जानकारी खुद भरेगा। इसके बाद जनगणना अधिकारी, घर-घर जाकर पूरी जानकारी को क्रॉस चेक करेगा, फिर उसे डिजिटल फॉर्म पर डाटा को अपलोड किया जाएगा।

## यूपी के जौनपुर में ट्रेलर से जा टकराई बस अमलीडीह की महिला की मौत, जेठानी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




प्रदेश के अलग-अलग जिलों के श्रद्धालुओं के साथ तीर्थदर्शन के लिए गए जिले के अमलीडीह गांव की महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई है। महिला अपनी जेठानी के साथ इस टूर पर गई थी। जिसकी यूपी के जौनपुर में बस और ट्रेलर में हुई भिड़ंत में जान चली गई। वहीं जेठानी को हादसे में हल्की चोटें आई है।

यात्रियों से भरी बस देर रात अयोध्या दर्शन के बाद अगले स्पॉट बनारस के लिए निकली थी। इसी दौरान रात करीबन 3 से 4 बजे के बीच यूपी के जौनपुर में बस अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रेलर में घुस गई। हादसा इतना गंभीर था कि इसमें वाहन चालक समेत 4 लोगों की मौत हो गई। आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। जिनमें से एक जिले के डोंगरगांव के अमलीडीह गांव की गुलाबबाई साहू है। बताया गया कि ये सभी श्रद्धालु बालाजी ट्रेवल्स की बस सीजी-07-सीटी-4681 में सवार होकर रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए थे। वहां से वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जा रहे थे। इस घटना के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने भी दुख जताया है।

### दो बच्चों की मां थी

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका गुलाबबाई साहू पति कुशल साहू अपनी जेठानी सहित एक समूह के साथ 7 सितंबर को छत्तीसगढ़ से तीर्थस्थल के दर्शन के लिए निकला था। अमरकंटक, मैहर देवी, चित्रकूट, वृंदावन, अयोध्या सहित काशी विश्वनाथ दर्शन करने का टूर प्लान तैयार किया गया था। रविवार को अयोध्या दर्शन करने के बाद देर रात बस से समूह काशी विश्वनाथ के लिए निकला था। इसी दौरान यह सड़क हादसा हुआ। मृतिका महिला के दो बच्चे हैं। जिनमें एक लड़का और एक लड़की शामिल हैं।

## वन्य प्राणी कोटरी हिरण का शिकार
## वन विभाग ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जंगल क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर वन विभाग के रात्रिकालीन गश्ती दल ने वन्य प्राणी कोटरी के शिकार के मामले में चार आरोपियों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन मंडल राजनांदगांव के वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव के उप वृत्त कोलारघाट के कक्ष क्रमांक 419 में रात्रिकालीन गश्ती दल ने गश्त के दौरान वन्य प्राणी कोटरी का शिकार किए जाने के आरोप में चार आरोपी को पकड़ा है। बताया गया कि आरोपियों में जय डेनियल 41 वर्ष निवासी मिसिया बाडा डोंगरगढ़, नील फ्रासिंस 58 वर्ष डोंगरगढ़, विशाल उर्फ इशान 25 वर्ष निवासी डोंगरगढ़ एवं विश्वनाथ 50 वर्ष कोलारघाट को पकड़ा।

### मामला दर्ज, कार्रवाई

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में उक्त आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 48, 50 एवं 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त प्रकरण में लिप्त आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड में लेकर कार्रवाई किया जा रहा है।

## शराब बेचने वाले 2 कोचियों के साथ हुल्लड़ मचाने वाले दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ जारी अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई करते दो कोचियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही मोहल्ले में हुल्लड़ मचाने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस थाना बसंतपुर से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्र शराब कोचिया के विरूद्व चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबीर से सूचना के अनुसार आरोपी रंजीत सोनवानी पिता बोटू सोनवानी 45 साल निवासी प्रभातनगर थाना बसंतपुर व राजेश सिंह पिता श्रीकांत सिंह 52 साल निवासी बीएनसी मिलचाल बल्देबाग थाना कोतवाली को अवैध रूप से शराब बिक्री करने पर गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही आरोपी से पृथक रूप से 22 पौवा अंग्रेजी शराब एवं 20 पौवा देशी शराब जब्त कर आरोपीगणों के विरूद्व अपराध क्रमांक 431/25 एवं 432/25 धारा 34 ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। मोहल्ले में हो-हुल्लड़ कर शांति भंग करने वाले इमरान खान उर्फ सिब्बू खान पिता इजराईल खान 27 साल व साहिल कुरैशी पिता गयासुद्दीन 19 साल दोनों निवासी नंदई कुंआ चौक थाना बसंतपुर के विरूद्व धारा 170 भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदकगणों को गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सउनि मनमोहन साहू, प्र. आर. राजेश परिहार, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, राजेश्वर बंदेश्वर की सराहनीय भूमिका रही।

## धर्मनगरी में चार साल की मासूम से पड़ोसी ने किया कुकर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



धर्मनगरी डोंगरगढ़ में बीती शाम मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। एक मासूम बालिका से कुकर्म की घटना हुई। जिससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। लोग थाना में जाकर आरोपी को उनके हवाले करने की मांग कर रहे थे। समझाईश बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगढ़ में पीड़िता की मां के रिपोर्ट एवं डॉक्टरी मुलाहिजा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा- 65(2) बीएनएस, 4(2) पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**विधायक हर्षिता मौके पर पहुंची**

घटना की जानकारी होने पर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वमी बघेल मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष विजय राज सिंह के साथ पहुंची। उन्हाने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो। साथ ही पीड़ित मासूम के परिजनों से भी उन्होंने मुलाकात कर मासूम के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### आरोपी गिरफ्तार

घटना की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी आशीष कुंजाम द्वारा प्रकरण के विवेचना हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिस पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने पुलिस स्टॉफ के साथ आरोपी ज्ञानी चौरे 53 साल निवासी डोंगरगढ़ का पता तलाश कर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना पाए जाने से 15 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### आक्रोशित लोग थाना पहुंचे

इधर इस घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। लोग थाना का घेराव कर आरोपी पर कड़ी कार्रवाई व उसे उनके हवाले करने की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों के समझाईश बाद स्थिति सामान्य हुई।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**24 घंटे आपात चिकित्सा**
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ**
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## बच्चों ने रघुपति राघव गाकर मांगा शिक्षक, ट्रांसफर रोकने की मांग

# शिक्षकों की कमी, स्कूली बच्चों ने घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव के शासकीय सीबीएसई इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल के बच्चों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर गांधीगिरी करते राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने खड़े होकर रघुपति राघव राजा राम गाते हुए स्कूल में इंग्लिश टीचर की नियुक्ति करने मांग की। वहीं उन्होंने स्कूल से स्थानांतरित की गई साइंस शिक्षिका का स्थानांतरण निरस्त कर प्रशासन से उन्हें यथावत रखने का आग्रह किया।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरगांव इग्नाईट में अध्यनरत कक्षा आठवीं के छात्र-छात्रा आज अपने अभिभावकों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर के नाम अपने पालाकों के माध्यम से ज्ञापन देकर स्कूल में अंग्रेजी के शिक्षक देने की मांग की। वहीं शिक्षिका डॉ. माधुरी एंथोनी का संलग्नीकरण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छुरिया में किया गया है, जिसे निरस्त करने का आग्रह किया। पालकों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि झूठी शिकायत करवाकर साइंस की उक्त शिक्षिका को अन्यत्र अध्यापन कार्य हेतु आदेशित करवा दिया गया है। जबकि उक्त शाला में पहले से ही अध्यापन कार्य हेतु विषय के शिक्षिकों की कमी है। उन्होंने मांग की है कि उक्त शिक्षिका को यथावत डोंगरगांव शाला में रखा जाए, नहीं तो पालकों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

⏩ शेष पेज 14 पर



### इंग्लिश मीडियम में हिंदी के शिक्षक

कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने कहा कि उनका स्कूल अंग्रेजी माध्यम है, लेकिन यहां सभी शिक्षक हिंदी माध्यम के हैं, जो अंग्रेजी की पढ़ाई ठीक से नहीं करवा पाते हैं। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक इंग्लिश पढ़ाते हैं, वह मोबाइल फोन के जरिये देखकर पढ़ाते हैं। जिससे हमें समझ नहीं आता है। विद्यार्थियों का कहना है कि जल्द से जल्द यहां एक इंग्लिश मीडियम के शिक्षक की पदस्थापना की जाए।

**गणित और इंग्लिश के शिक्षक नहीं :** अपने बच्चों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे पालकों ने कहा कि बीते 3 वर्षों से यहां इंग्लिश मीडियम और गणित के शिक्षक की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक गणित और इंग्लिश का शिक्षक स्कूल को नहीं मिला है। वहीं उन्होंने कहा कि इस वर्ष कक्षा आठवीं में बच्चों की बोर्ड परीक्षा है, ऐसे में पढ़ाई भी स्कूल में नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से उनके भविष्य को लेकर चिंता लगी हुई है। पालकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर शिक्षकों की कमी को दूर की जाए और इंग्लिश मीडियम होने के चलते यहां इंग्लिश के शिक्षकों की पदस्थापना हो, ताकि बच्चों की बेहतर पढ़ाई हो सके।



## खबर संक्षेप



### शिक्षक साहू हुए सम्मानित

**कलकसा।** प्रधानपाठक बिशालिक साहू को गत दिनों दुर्ग के बीआईटी कॉलेज के सभागार में संभाग स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकार से सम्मानित किया गया। श्री साहू पढ़ाई के दौरान कबड्डी के नेशनल खिलाड़ी रहे हैं। उन्हे इस उपलब्धि के लिए संकुल प्राचार्य मीरा वर्मा, संकुल समन्वयक अवधराम वर्मा, विनोद अलमोरे, जितेन्द्र हिरवानी, उपेन्द्र साहू, शबनम खान, भानुमति माहेश्वरी, इकबाल खान आदि ने बधाई दी है।

### प्रतियोगिता में शामिल हुए 150 खिलाड़ी




**ठेलकाडीह।** मेरा युवा भारत राजनांदगांव केंद्र ने जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे और लेखापाल तपन साहू के नेतृत्व में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन रेंगाकठेरा में किया। प्रतियोगिता में आसपास गांव के कुल 150 खिलाडियों ने कबड्डी, 100 मीटर दौड, रस्साकशी, रिलेरेस, गोलाफेंक, तवाफेंक में हिस्सा लिया। कबड्डी में प्रथम स्थान शिवनंदन क्लब भरदाखुर्द, रस्साकशी में मां शीतला रेगाकठेरा प्रथम, 100 मीटर दौड़ में प्रथम प्रियांशी साहू ,रेले रेस प्रथम डारागांव, गोला फेंक में प्रथम देवचंद, डिस्कस थ्रो में प्रथम क्षमा नेताम रही। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अनिता डिगेंद्र सिन्हा, विशिष्ट अतिथि तिलई मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर थे। अध्यक्षता सरपंच अनिता साहू ने की। इस दौरान गणेश साहू, जितेंद्र साहू, अशोक सिन्हा, हुमनलाल साहू, पूर्णिमासिंह, भीकम साहू, तुलाराम साहू ,अनूप सिन्हा, रूद्रप्रसाद सूर्यवाणी, देवचंद, बसंत जंघेल, सर्वेश्वर मानिकपुरी, तेजस्वी वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### कार्ड में एंट्री होगी भुगतान की जानकारी



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली में नलजल, संपत्ति, विद्युत सहित अन्य करों की वसूली को पारदर्शी बनाने के लिए सरपंच नंदकुमार साहू ने हितग्राहियों का भुगतान कार्ड बनाया है। लोगों के कर का भुगतान करने पर कार्ड में पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी। कार्ड देखने से किए गए भुगतान एवं शेष की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। इस प्रणाली के लागू होने से वसूली में पारदर्शिता आएगी। सरपंच साहू का कहना है कि कर भुगतान कार्ड बनने से कर वसूली में सहायता मिलेगी साथ ही पंचायत का लेखा जोखा पारदर्शी रहेगा।

### कॉलेज परिसर में पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में रासेयो के छात्र-छात्राओं ने गत दिनों नए भवन में साप्ताहिक गतिविधि अंतर्गत पौधरोपण किया। अस अवसर पर प्राचार्य डॉ ईवी रेवती, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदानी, दल नायक चंद्रदेव वर्मा, दल नायिका हेमलता, लोकेश्वर पटेल, डीकेश्वरी सहित अन्य शामिल हुए। पौधरोपण के बाद सभी ने पौधों की देखभाल करने एवं परिसर को हराभरा बनाने का संकल्प लिया।

# नवरात्रि पर्व 22 से, मूर्तियों को आकार देने जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आगामी 22 सितंबर को देवी आराधना का पर्व नवरात्रि शुरू हो रहा है। इस दौरान शहर और आसपास के ग्रामों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाएगी।

पर्व की तिथि करीब आने के साथ ही शहर के मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने जुटे हैं। वही दुर्गा मूर्ति स्थापना के लिए समितियों ने मूर्ति बुक करना प्रारंभ कर दिया है। इस साल शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से शुरू हो रही है। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है। दुर्गा की मूतियों को मूर्त रूप देने के लिए शहर के मूर्तिकार अपने परिजनों के साथ दिन-रात जुटे हैं। पीढियों से मूर्ति बनाने वाले शहर के मूर्तिकार पलटन, नरेश, राजेश, परस, देवेन्द्र और टाइटन के अलावा कोहका के करीब 20 मूर्तिकार मूर्तियां बना रहे हैं।





### आसपास के गांवों में जाएगी मूर्तियां

जानकारी के अनुसार मूर्तिकारों द्वारा छोटी बड़ी करीब दो से दाई सौ मूर्तियां बनाया जा रहा है। यहां बनने वाली मूर्तियां शहर के अलावा अंबागढ़ चौकी, गैंदाटोला, छछानपाहरी, बैरागी भेड़ी, मचानपार, पांगरी, खुज्जी, बिटाल, जारवाही, ओडरबांध, जोशीलमती, माहुल झोपड़ी, दाऊटोला, फूलसुंदरी सहित अन्य गांव में जाएगी। मूर्तिकारों ने बताया कि आर्डर के अनुसार अधिकतम 8 फुट ऊंची मूर्ति बना रहे है। दुर्गा के अलावा सरस्वती की प्रतिमा भी मूर्तिकार बनाने जुटे हैं।

### बाहर से लाते हैं मिट्टी

मूर्तिकारों ने बताया कि उन्हे सबसे अधिक मिट्टी के लिए परेशान होना पड़ता है। मूर्ति निर्माण में नदी के किनारे की मिट्टी का उपयोग किया जाता है। नवरात्र को लेकर क्षेत्र के देवी मंदिरों में ज्योति कलश स्थापना की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। मंदिर की सफाई,रंग-रोगन और पंडाल लगाने का काम शुरू हो गया है। नवरात्र के समय कुछ घरों में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है।

## नगर में रोज हो रहे सड़क हादसे, किसानों को नुकसान

# गांवों के मवेशियों का शहर में डेरा नगरवासियों की बढ़ी परेशानियां

## पशुओं को पकड़ने में रूचि नहीं दिखा रहा प्रशासनिक अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

घुमंतु मवेशी इन दिनों लोगों के लिए समस्या बन गए है। स्थिति इसलिए भी बिगड गई है क्योंकि गांवों के मवेशियो को नगर में लाकर छोड़ा जा रहा है। स्थानीय पशुपालकों का कहना है कि नगर की सडको में दिन रात इधर उधर विचरण करने वाले मवेशी उनके नहीं है।

अन्य गांवो के लोग मवेशियों को नगर में लाकर छोड़ रहे हैं। घुमंतु पशु सडक दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण बन गए हैं। इस समस्या के निराकरण करने की दिशा में नगर पंचायत एवं पशु चिकित्सा विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। नगरवासियों को जानकर आश्चर्य होगा कि नगर की गलियों एवं सडको में घुम रहे अधिकांश मवेशी स्थानीय किसानों के नही है। यह मवेशी आसपास गांवो के है जिन्हे पशुपालकों ने शहर में लाकर छोड़ दिया है।

इन मवेशियों से नगर में रोज छोटी बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है। सडक में बैठे एवं इधर उधर घुमने वाले इन मवेशियों से टकराकर दोपहिया वाहन चालक हादसे के शिकार हो रहे हैं।



### काउकेचर बना शो पीस

घुमंतु पशुओं की धरपकड के लिए नगर पंचायत के पास काउकेचर है। यह काउकेचर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपने पहले कार्यकाल में खरीदा था। देखरेख के अभाव में यह काऊकेचर अब कंडम हो गया है। मवेशियों की धरपकड से पूर्व इसकी मरम्मत कराने की आवश्यकता है।

### दुकानों के सामने करते हैं घेराबंदी

नगर के व्यापारियों में पशुओ को लेकर इतनी दहशत है कि प्रतिदिन इन दुकानदारो को अपनी दुकान बंद करने के बाद पशुओं को रोकने के लिए रस्सियों से घेराबंदी करना पड़ता है। व्यापारी बताते है कि घेराबंदी न करे तो पशु दुकान के सामने गंदा कर देते हैं। व्यापारियों ने बताया क मवेशियों के गोबर को साफ करने में परेशानी होती है।

### मवेशियों से बढ़ी परेशानी

नगर के मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, मेरेगांव, राजीव गांधी चौक, चिल्हाटी रोड, बाजार चौक एवं नगर के अंदर की गलिंयो में घुम रहे मवेशियों को अन्य गांव से लाकर छोड़ा जा रहा है। पार्षद सुरेश नेताम एवं मेरेगांव के रामू यादव, खिलेष मंडावी ने बताया कि मेरेगांव, हड्डी गोदाम, माध्यमिक बालक शाला, पीएचई कार्यालय तथा राजीव गांधी चौक के आस पास सडकों पर घुम रहे मवेशी बाहर के हैं। पार्षद नेताम ने बताया कि मेरेगांव के किसानो के पास जितना मवेशी है उससे अधिक मवेशी सड़कों में घूम रहे हैं।

# ग्रीन पाथ-वे पर फेंका मलबा और गंदगी

- दर्शनार्थियों को आवाजाही में होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में चैत्र और क्वांर नवरात्र के दौरान लाखों श्रद्धालु देवी दर्शन करने आते हैं। यहां आने वाले लोगों की सुविधा के लिए राजनांदगांव मोतीपुर से अछोली होते हुए डोंगरगढ़ तक मार्ग को पदयात्री मार्ग घोषित कर 32 किलोमीटर लंबा ग्रीन पाथ-वे बनाया था। इसका उद्देश्य था कि श्रद्धालु डामर सड़क पर न चलकर ग्रीन पाथवे से यात्रा करें, ताकि उन्हे थकान कम हो और पैरों में छाले न पड़ें। विभाग ने ग्रीन पाथ-वे के निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए थे, जिसकी मरम्मत हर छह माह में किया जाना था। वर्तमान में पाथ-वे की हालत यह है कि पाथ-वे पर बिल्डिंग का मलबा व पेड़ों की टहनियां पड़ी है। कई स्थानों पर लोगों ने मलबा डालकर मार्ग को ही खत्म कर दिया है। पाथ-वे पर झाड़ियां उग आई हैं, जिससे श्रद्धालुओं का चलना मुश्किल हो गया है। सड़क किनारे बने डिवाइडर भी टूट चुके हैं।

### अब तक मरम्मत शुरू नहीं

आगामी 22 सितंबर से नवरात्र पर्व की शुरुआत होगी किन्तु लोक निर्माण विभाग ने अब तक तैयारी शुरू नहीं किया है। पीडब्ल्यूडी के ईई एसके चौरसिया ने कहा कि नवरात्र पर्व के दौरान सड़क मरम्मत आदि के लिए विभाग को अलग से फंड नहीं मिलता। ग्रीन पाथ-वे की मरम्मत फिलहाल संभव नहीं है। बारिश से जो गड्ढे हुए है, उन्हें भरवाया जाएगा।

### सोलर लाईट भी बंद

जानकारी के अनुसार पदयात्री मार्ग पर क्रेडा ने सोलर लाइटें लगाया था। रखरखाव के अभाव में ज्यादातर लाइटें बंद या खराब हो चुकी हैं। रात में अंधेरा होने के कारण रात में पदयात्रियों की सुरक्षा खतरे में रहती है। नागरिकों ने ग्रीन पाथ वे की सफाई कराने की मांग की है।

### ठेकेदार ने टंकी का काम अधूरा छोड़ा

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत नारायणगढ़ के आश्रित ग्राम कोहिकोड़ा के ग्रामीणों को पानी मुहैया कराने के लिए पानी टँकी निर्माण की स्वीकृति मिली थी। टंकी का निर्माण अब तक अधूरा होने से ग्रामीणों को जलसंकट से जूझना पड़ रहा है। पंच यशवंत धनकर, उषा मंडावी ने बताया कि टंकी का कार्य 4 साल पहले शुरू किया गया था जो अब तक अधूरी है। पंचों ने बताया कि ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर भाग गया है। पंचायत के नोटिस जारी करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

# जनपद पंचायत में राज भाजपा का, तूती बोल रही कांग्रेस की

- जनपद सदस्यों में नहीं बैठ रहा तालमेल
- अनुभव हीनता भी रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जनपद पंचायत में इन दिनों उल्टी गंगा बह रही है। पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीणों के हित में काम करने के बजाए अपने लाभ के लिए प्रयासरत दिखाई दे रहे है। भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अनुभव की कमी के चलते कांग्रेस के सदस्यों से मार्गदर्शन और सहयोग लेना पड़ रहा है।

शपथ ग्रहण के बाद जनपद के प्रमुख पदाधिकारी ने अपने परिवार के सदस्य और कांग्रेस नेता के भाई के माध्यम से स्वच्छता सामग्री की सप्लाई कर लाभ कमाना चाहा था, किंतु सजग पंचायत प्रतिनिधियों की जागरूकता के चलते उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ गया था। स्वच्छता सामग्री सप्लाई मामले के बाद अवैध रूप से राशन कार्ड बनाने, सचिवों के स्थानांतरण सहित अन्य मुद्दे पर पदाधिकारियों के बीच आए दिन विवाद होते रहता है। बुधवार को सत्ताधारी जनपद सदस्यों और प्रमुख पदाधिकारियों के मध्य भारी वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने की चर्चा है। दूसरी ओर कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए भरपूर आर्थिक लाभ प्राप्त करने में सफल हो रहे हैं किन्तु जनपद क्षेत्र की जनता को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जनपद के निर्वाचित अधिकांश जनपद सदस्य भले ही भाजपा के साथ है किन्तु उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेस से जुड़ी रही है। कांग्रेस के जनपद सदस्य को अपने अनुभव का लाभ उठाने के साथ अन्य सदस्यों को प्रभावित कर रहे हैं।

### जिपं सदस्यों का हस्तक्षेप

जानकारी के अनुसार 15 और 16 वे वित्त की राशि सीधे पंचायत के खाते में जमा करने के प्रावधान के चलते जिला पंचायत सदस्यों द्वारा जनपद क्षेत्र में काफी उठापटक की जा रही है। जनपद के पदाधिकारी और सदस्यों के मध्य तालमेल की कमी का फायदा जिपं सदस्यों द्वारा उठाया जा रहा है। एक जिपं सदस्य ने महिला सचिव पर दबाव बनाने की कोशिश करने से भी परहेज नहीं किया गया। बताया जाता है कि सचिव संघ के पदाधिकारी से कहा जाता है कि मैनेज करो अन्यथा ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

### नियुक्ति में फिसड्डी

जनपद क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक होने के बाद भी कांग्रेस को जनपद की सत्ता हासिल नहीं कर पाई किन्तु अधिकांश जनपद सदस्य वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और अपने अनुभव से कांग्रेस की स्थिति को मजबूत बनाए हुए हैं। डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू ने पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने अभी तक प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया है। भाजपा को सांसद प्रतिनिधि की घोषणा का इंतजार है।

### ध्यान केवल पालिका पर

जानकारी के अनुसार भाजपा नेताओं का पूरा ध्यान मात्र नगर पालिका तक सीमित हो गया है। जनपद में क्या हो रहा है? क्या होना चाहिए? यह देखने की कोशिश भाजपा के नेताओं नहीं कर रहे है। भाजपा के नेता शहर भाजपा संगठन तक सीमित हो गए है वहीं ग्रामीण कार्यकर्ताओं को पूछ परख लगभग खत्म हो गई है।

# बिजली हुई महंगी, कांग्रेस ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**घुमका।** बिजली बिल में अप्रत्याशित बढ़ोतरी एवं अघोषित कटौती की समस्या को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने धरना देने के बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार कांग्रेसी चंडी चौक में जुटे और यहां पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में विद्युत दर में बढ़ोतरी एवं अघोषित विद्युत कटौती पर नाराजगी व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर ही राज्यपाल के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान विद्युत विभाग के जेई आशीष कुशवाहा भी मौजूद थे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, मंडल अध्यक्ष खेमचंद, पप्पू वर्मा, पीयूष दुबे, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, गीतालाल वर्मा, तुलसी साहू, फूलमती वर्मा, प्रहलाद यादव, नवनीतसिंह चंदेल, गौरव शर्मा, दिनेश पुरानिक, छन्नू आडिल, दौलत देवांगन, राममूरत वर्मा, दानी वर्मा, जितेंद्र साहू, ओमकार वर्मा, पीतांबर निषाद, ईश्वरी, तुलाराम, विजय कोसरे सहित अन्य मौजूद थे।



### कांग्रेस फिर करेगी आंदोलन

प्रदर्शन के दौरान बिजली समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने कहा कि सरकार बिजली बिल कम नहीं करेगी कांग्रेस फिर आंदोलन करने बाध्य होगी। सभा को केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, पूर्व सरपंच फूलमती ने भी संबोधित किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला, जिला- मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक श्री राहुल चन्द्राकर पिता श्री मोहन लाल चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी अं. चौकी तहसील अं चौकी जिला मोहला मानपुर अं.चौकी द्वारा ग्राम बिहरीकला स्थित भूमि खसरा नं. 3/15, 3/16 रकबा क्रमशः 0.040, 0.040 हे. /800 वर्गमीटर भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन कर पुनर्निर्धारण करने आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1 एवं बयनामा की छायाप्रति की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति व उजर हो तो अपना दावा/आपत्ति दिनांक 19/09/2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित हो कर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला जिला - मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला, जिला- मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक श्री राहुल चन्द्राकर पिता श्री मोहन लाल चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी अं. चौकी तहसील अं.चौकी जिला मोहला मानपुर अं.चौकी द्वारा ग्राम बिहरीकला स्थित भूमि खसरा नं. 90/4 रकबा 0.061 हे. /610 वर्गमीटर भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन कर पुनर्निर्धारण करने आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1 एवं बयनामा की छायाप्रति की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति व उजर हो तो अपना दावा/आपत्ति दिनांक 19/09/2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित हो कर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला जिला - मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला, जिला- मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक श्री मोहन लाल चन्द्राकर पिता बाबूलाल चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी अं.चौकी तहसील अं. चौकी जिला मोहला मानपुर अं.चौकी द्वारा ग्राम बिहरीकला स्थित भूमि खसरा नं. 3/13, 3/14 रकबा क्रमशः 0.040, 0.041 हे. /810 वर्गमीटर भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन कर पुनर्निर्धारण करने आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1 एवं बयनामा की छायाप्रति की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है ।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति व उजर हो तो अपना दावा/आपत्ति दिनांक 19/09/2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित हो कर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला जिला - मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र. 202506092300009 अ/6 (अ) वर्ष 2024-25**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुमित अग्रवाल पिता रामरतन अग्रवाल जाति बनिया निवासी ग्राम मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम मुसराखुर्द पटवारी हल्का नं. 13 में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 261/1, रकबा 0.457 कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.457 हेक्टेयर भूमि आवेदक के पिता द्वारा विक्रेता रमेसर पिता मनराखन जाति राऊत से दिनांक 01.03.1987 को क्रय किया था। क्रय दिनांक से आवेदक के पिता का कब्जा चला आ रहा है। आवेदक के पिता की मृत्यु हो चुका है। जिसका नामांतरण हो चुका है। आन लाईन अभिलेख में खसरा नं. 261/1, रकबा 0.457 कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.457 हेक्टेयर भूमि विक्रेता के पुत्र गिरधारी पिता रमेसर के शामिलात नाम पर बता रहा है। आन लाईन अभिलेख में खसरा नं. 261/1, रकबा 0.457 कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.457 हेक्टेयर भूमि से गिरधारी पिता रमेसर एवं अन्य का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र, पंजीकृत बैनामा, ऋण पुस्तिका, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से ईश्तहार पेशी दिनांक **01/10/2025** के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक **08/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

### बारिश से खेत खलिहान लबालब

**डोंगरगांव।** छुरिया ब्लाक के ग्राम बीरुटोला में रात को गर्जना के साथ जमकर बारिश हुई। बारिश के बाद मेन रोड पर 5 फीट तक पानी बहने लगा था। आवागमन बाधित होने से स्कूल कालेजों के साथ काम मे जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी उठाना पड़ा। जरूरतमंदो की परेशानी को देखते हुए ग्राम के युवाओं ने रास्ता पार कराया जिससे शिक्षकों के साथ बच्चे स्कूल जा सके। गांव के युवा शाम तक लोगों की मदद करते रहे। इस कार्य में ग्राम के योगेश पटेल, अखिलेश, कुमेश, अन्नु, तुषार, डेविड, आशीष, करण अमन के साथ अमित नांदेश्वर ने सहयोग दिया।



### नवोदय में मनन यादव का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़



प्राथमिक शाला गंधरी के मनन कुमार यादव पिता राजूलाल यादव का चयन नवोदय विद्यालय मालीघोरी की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए हुआ है।

उन्हे प्रधानपाठक भानुप्रताप ठाकुर शिक्षिका नीमा साहू एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गुमानपुर में शिक्षकों का सम्मान

**सड़क अतरिया।** ग्राम गुमानपुर में रविवार कों गांव के पूर्व विद्यार्थी एवं



ग्रामवासियों ने शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक मनहरण जंघेल एवं प्राथमिक शाला गुमानपुर के शिक्षक किशोर जंघेल, चंद्रशेखर जंघेल, तेश्वरी साहू तथा आंबा कार्यकर्ता देवरेखा जंघेल ने डॉ. राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने रा सेवानिवृत शिक्षक मनहरण जंघेल एवं अन्य शिक्षकों पर पुष्प वर्षा करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया। स्वागत के पश्चात शिक्षक उजय जंघेल व चैन जंघेल ने सेवानिवृत शिक्षक मनहरण जंघेल के शिक्षकीय गुणों से अवगत कराया। डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। आयोजकों ने सेवानिवृत शिक्षक व कार्यरत शिक्षकों का सम्मान पुष्प गुच्छ, श्रीफल, डायरी एवं पेन भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सरपंच चंचला तिजेराम धुर्वे, मोरध्वज जंघेल, जयपाल जंघेल, मनोज, देवीसिंह, सतीश जंघेल, चमन जंघेल, आशीष जंघेल, जयकरण, लेखराम, नमोसिंह आदि उपस्थित थे। संचालन प्रधान पाठक दिनेश जंघेल ने किया।

### स्वच्छता को लेकर पार्षद अजय जैन की बड़ी पहल

**खैरागढ़।** नगर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और वार्ड को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से महावीर स्वामी वार्ड सात के भाजपा पार्षद



अजय जैन ने सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने स्वयं वार्ड के व्यापारियों से मिलकर सड़क पर कचरा न डालने की अपील कर स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने निवेदन किया कि सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों के सामने सफाई का विशेष ध्यान रखें और नपा का सहयोग करें। पार्षद अजय जैन ने बताया कि वार्ड की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा गंदगी की समस्या को खत्म करने के लिए उन्होंने अपनी पार्षद निधि से सभी दुकानदारों को निशुल्क डस्टबिन उपलब्ध कराया हैं। ये डस्टबिन न वार्ड सात के दुकानदारों के अलावा उन व्यापारियों को भी दिया गया है जिनकी दुकाने वार्ड में हैं। कोई भी व्यापारी या ग्राहक सडक़ पर कचरा न फेंके और गंदगी फैलने से रोकने के उद्देश्य से उन्होने यह किया है। पार्षद अजय जैन के प्रयास की सराहना करते हुए व्यपारियो ने कहा कि डस्टबिन होने से अब कचरा सडक़ पर नही दिखेगा। गंदगी की समस्या में निजात भी मिलेगी। स्वच्छ भारत मिशन की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए उन्होने पार्षद को धन्यवाद साथ भरोसा दिया कि अब उनकी दुकान का कचरा सडक़ पर नहीं दिखेगा। अजय जैन ने कहा कि यह शुरुआत है। आने वाले समय में और योजना व सुविधा वार्डवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर लाई जाएंगी। उनका लक्ष्य वार्ड को आदर्श वार्ड के रूप में विकसित करना है।

### कृषि अधिकारियों ने मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सड़क अतरिया।** राज्य कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के



आव्हन पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी अपने लंबित 9 सूत्रीय मांग को पूरा करने के लिए सोमवार को अनुविभागिय अधिकारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अगामी 23 सितम्बर को एक दिवसीय सांकेतिक आंदोलन की चेतावनी दिया है। अपने आवेदन में बताया है कि उन्होंने अपनी मांग को लेकर 8 व 9 सितम्बर को काली पट्टी बांध कर अपने कार्य निष्पादन किया था, परन्तु विभाग द्वारा उनकी मांग को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। संघ के आव्हन पर कृषि अधिकारी मंगलवार से बिना संसाधन भत्ता के आनलाईन कार्यों का निष्पादन करने का निर्णय लिया है। सोमवार को दोपहर बाद ब्लाक संघ द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को विभाग के नाम आवेदन सौंप कर अपनी मांग के लिए ध्यान आकर्षित किया है। अगर मांग पूरी नही होती है तो 23 फरवरी को एक दिवसीय सांकेतिक आन्दोलन किया जायेगा।

### अभियंता दिवस पर नगर निगम में कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** अभियंता दिवस पर 15 सितंबर को नगर निगम के कार्यपालन अभियंता कक्ष में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की



उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा व दीपक खांडे, प्र. कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम एवं निगम के इंजीनियरों ने भारत रत्न मोक्षगुणम विश्वेस्वरैय्या के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया और एक-दूसरे को अभियंता दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि सिविल इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया ने आधुनिक भारत में बांध, जलाशय और जल विद्युत परियोजना के निर्माण में महती भूमिका निभाई थी। उन्होंने मैसूर सरकार के साथ मिलकर कई शैक्षणिक संस्था और कारखानों की स्थापना करवाई थी, उनके योगदानों को देखते सरकार ने उन्हें 1955 भारत रत्न से सम्मानित किया था। उन्हीं की याद में हम आज अभियंता दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकी अधिकारियों को उनके कार्यों का अनुशरण कर कार्य करना चाहिए, तभी अभियंता दिवस मनाने की सार्थकता होगी। कार्यपालन अभियंता श्री वर्मा एवं खांडे ने भी अभियंता दिवस की बधाई देते उनके द्वारा किए कार्यो का अनुशरण करने की अपील की। कार्यक्रम में प्र. सहायक अभियंता गरिमा वर्मा व सुषमा साहू, उप अभियंतागण ज्योति साहू, पिंकी खाती, अशोक देवांगन, अनुप पाण्डे, तिलकराज ध्रुव, आयुषी सिंह, डागेश्वर कर्ष, रोमाली शेण्डे, मुनेन्द्र साठिया सहित तकनीकी शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## निधन

### नवल किशोर वर्मा



**राजनांदगांव।** नवल किशोर वर्मा आत्मज स्वर्गीय रामकृष्ण वर्मा का 55 वर्ष की आयु में 15 सितंबर 2025 को हृदयघात से दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा स्थानीय महेश नगर स्थित निज निवास से मठपारा मुक्तिधाम के लिए 15 सितंबर की शाम 4 बजे रवाना हुई। जिसमें परिजनों, इष्टमित्रों के साथ बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुगण उपस्थित रहे। वह अपने पीछे भरापूरा भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## कीट प्रकोप से धान के पौधे सूख रहे

# धान की फसलों में मांहू का हमला, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

### क्षेत्र के सभी गांवों में समस्या

क्षेत्र में अल्प वर्षा ने किसानों को पहले से परेशानी में डाला हुआ है। मानसूनी बारिश का अंतिम दौर जारी है पर अब तक अंचल में आशानुरूप वर्षा नहीं हो पाई है। वही दूसरी तरफ धान के पौधों में मांहु कीट का प्रकोप बढ़ते जा रहा है जो धान के पौधों को सुखा दें रहे है।

किसानों ने बताया कि दवा का छिड़काव करने के बाद भी मांहु कीट से राहत नहीं मिल रही है। यह समस्या क्षेत्र के सभी गांव में देखने को मिल रहा है। कृषक माहु कीट को लेकर काफी परेशान हैं। अब तक जैसे तैसे किसानों ने धान के पौधों को सहेज कर रखा था। अब फल लगने की स्थिति में मांहू कीट अपना प्रकोप दिखाने लगा है। ज्ञात हो कि वर्तमान में रिमझिम वर्षा जारी होने से वातावरण में अधिक नमी बना हुआ है तथा तापमान भी समय समय पर बढ़ रहा है। जिस कारण से धान के पौधों में माहू कीट का प्रकोप बढ़ रहा है। और कीट पौधा का रस चूसकर पौधों को नुकसान पहुंचा रहे है जिसके कारण पौधे कमजोर हो रहे है। अधिक प्रकोप होने पर धान के पौधे सूख रहे है।



#### यूरिया कम डाले

कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने बताया कि ऐसी स्थिति में किसानों को अधिक मात्रा में यूरिया खाद का छिड़काव नहीं करना चाहिए। सिंचाई का साधन उपलब्ध होने पर खेतों में पानी भर कर निकाल देना चाहिए। धान के खेत में प्रति एकड़ एजाडेखटीन नीम अम्ल आधा लीटर प्रति एकड़, पाईमेट्रोजिन 50 से सौ ग्राम, एमिंडाक्लोपिड 75 ग्राम डाईनेटीफ्यूराज ग्राम छिड़काव करने से माहू कीट से राहत मिल सकता है।

# रजककार बोर्ड अध्यक्ष का कटंगी में स्वागत

**गंडई पंडरिया।** रविवार को रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक का गंडई क्षेत्र में पहला आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए ग्राम पंचायत कटंगी में समारोह का



आयोजन किया गया। रजक समाज ने श्री रजक को रजककार बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके सम्मान में यह कार्यक्रम रखा था। दोपहर 3 बजे श्री रजक सबसे पहले गंडई के रेस्ट हाउस पहुँचे, जहाँ से वह भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जीवन दास रात्रे और अन्य लोगों के साथ ग्राम पंचायत कटंगी के लिए रवाना हुए। वहाँ पहुँचने पर सामाजिक बंधुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रह्लाद रजक ने समाज को एकजुट होने का आह्वान किया और जयकारा लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व में लीमो प्रवास के दौरान सांसद संतोष पांडे ने सामाजिक भवन के लिए राशि की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि लीमो में बन रहे सामाजिक भवन को पूरा करने के लिए और अधिक राशि की मांग की जाएगी। साथ ही उन्होंने कटंगी में भी 10 लाख रुपये की लागत से नया सामाजिक भवन बनाने का आश्वासन दिया। श्री रजक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सरकार हर वर्ग और समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सामाजिक भवन का उपयोग सिर्फ समारोहों के लिए नहीं, बल्कि कोचिंग क्लास, टेलरिंग और अन्य गतिविधियों के लिए भी किया जाना चाहिए, ताकि समाज और भवन दोनों का भला हो। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भी रजक समाज को एकजुट होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। जीवन दास रात्रे ने भी समाज हित के मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सुखराजी रजक ने आभार प्रदर्शन किया। इस सम्मान समारोह में समाज के अध्यक्ष राधेश्याम रजक, सुखराजी रजक, सोनसिंग रजक, रामाधीन रजक, जग्गू राम रजक, बंशी राम रजक, कुमार रजक, जीवन रजक, मांगीलाल रजक, राम प्रसाद रजक, धरम सींग, लतमार रजक, राजकुमार रजक, बलदेव रजक, आत्मा राम रजक, भुखउ राम रजक, दुखलु राम रजक, बुद्धा सरजू, इंद्रेश रजक सहित बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और अन्य उपस्थित थे।

# बाइक ने गाय को मारी टक्कर युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई थाना क्षेत्र के अंतर्गत कालेगोंदी रोड पर 13 अक्टूबर की रात करीब 7 बजे सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक तेज रफ्तार बाइक ने गाय को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गौरव निषाद (उम्र 21 वर्ष) अपनी मोटर साइकिल (क्रमांक CG 25 एल 9072) को तेज और लापरवाही से चला रहे था। इसी दौरान उन्होंने सड़क पर एक गाय को टक्कर मार दी, जिससे वे मोटर साइकिल समेत गिर गया। हादसे में गौरव निषाद के साथ-साथ उनके साथी धर्मेंद्र उर्फ धनराज यादव और नितेश निषाद को भी गंभीर चोटें आई।




#### ईलाज के लिए दुर्ग रिफर

तीनों घायलों को तुरंत परपोड़ी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें आगे के इलाज के लिए दुर्ग के शंकराचार्य अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश इलाज के दौरान 15 अक्टूबर को गौरव निषाद की मृत्यु हो गई। इस मामले में, गंडई पुलिस ने मृतक गौरव निषाद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए), और 106 (1) के तहत लापरवाही से वाहन चलाने और मृत्यु का कारण बनने का मामला दर्ज किया है। घटना की सूचना मिलने के बाद, पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्रद्धा स्थल मंदिर पास कचरे का अंबार

- मिशन संडे का नपा पर तीखा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में साफ सफाई और स्वच्छता को लेकर नगर पालिका की लापरवाही थमने का नाम नही ले रही है। इस रविवार सुबह कांग्रेस की मिशन संडे टीम ने संयोजक मनराखन देवांगन के साथ धरमपुरा वार्ड मे शनि मंदिर के पीछे एनीकट मे दस्तक दी जहॉ एक बार फिर टीम सदस्यो ने निरीक्षण के दौरान देखा कि मंदिर के पास शहर के अलग अलग वार्डो से निकला कचरा डंप किया जा रहा है। इससे न केवल श्रद्धालुओं की आस्था आहत हो रही है, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा हैं।

मनराखन देवांगन ने बताया कि नपा का ट्रैक्टर से खुलेआम गंदा कचरा मंदिर और एनीकट के पास



फेंका जा रहा है, जिससे चारों ओर बदबू फैल रही है। पॉलिथीन उड़कर गलियों और खेतों में बिखर रही है और मवेशी इन्हें निगलकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इस दौरान दीपक देवांगन, डॉ अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, रविंद्र गहरवार, सूर्यकांत यादव, भरत चंद्राकर, शोखरदास वैष्णव सहित अन्य मौजूद थे। जिन्होंने कहा कि यह स्थिति केवल एक शहर की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे स्वच्छता अभियान की विफलता का संकेत है। नगर पालिका को अपना दायित्व निभाकर धार्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित कर नागरिकों का भरोसा बनाने की जरूरत है।

#### पॉलिथीन मुक्त शहर का नारा मात्र दिखावा

श्री देवांगन ने कहा कि सरकार और नपा पॉलिथीन मुक्त शहर का दावा करती है, लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। धार्मिक आस्था के केंद्र के पास गंदगी का अंबार लगाना श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के साथ अन्याय है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब नगर पालिका के पास मणिकंचन केंद्र और पॉलिथीन नष्ट करने की मशीन मौजूद हैं तो फिर कचरा धार्मिक स्थलों के पास क्यों डंप किया जा रहा है। यह जनता साथ धोखा और स्वच्छ भारत मिशन का अपमान है। टीम ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो स्वच्छता रैंकिंग गिरेगी और प्रदेश की उपलब्धियों पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। जब पूरा देश स्वच्छता में नंबर एक आने का सपना देख रहा है, तब नगर पालिका अपनी लापरवाही से राज्य की छवि धूमिल कर रही है। नपा नगर अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले उन्हें अपने वार्ड की स्थिति सुधारनी चाहिए यदि सफाई व्यवस्था पर पहले ध्यान दिया गया होता तो आज शहर में डायरिया नही फैलती।

# काशी विवि में पत्रकारिता पर प्रो. राजन यादव ने रखी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इन्दिरा कला संगीत विवि के लोकसंगीत एवं कला संकाय अधिष्ठाता व हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो राजन यादव बनारस के काशी हिन्दू विवि वाराणसी में रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित हुए। यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में कार्यरत हिंदी विषय के सहायक प्राध्यापकों के लिए हिन्दी विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिसा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सहायक प्राध्यापक प्रशिक्षण ले रहे हैं। कार्यक्रम में प्रो राजन यादव ने हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता तब और अब विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि जन मानस की सहज अभिव्यक्ति ही पत्रकारिता है। स्वतंत्रता की वाणी होने के साथ पत्रकारिता जीवन में अभूतपूर्व क्रांति की अग्रदूतिका है। इसकी विकास यात्रा बहुत लंबी है। उस जमाने के प्रथम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी और साहित्यकार किसी न किसी पत्र-पत्रिका से जुड़े थे। प्रो यादव का दूसरा व्याख्यान महिला महाविद्यालय में हुआ। हिन्दी साहित्य का वैविध्य साहित्य और संस्कृतिविषय पर बोलते हुए प्रो यादव ने रेखांकित किया कि गुरु गोरखनाथ से लेकर आज के कवि साहित्यकारो की भाषा व कृतियों में विविधता है। भारत की मूल ऊर्जा का मूल आधार हिंदी प्रदेश है। विविध होता हुआ सारा भारतवर्ष एक है साहित्य में इसी की अभिव्यक्ति हुई है। हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो रीता सिंह ने प्रो राजन यादव को उत्तरीय भेंट किया। इस दौरान विद्यार्थी, शोधार्थी सहित शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राख में तब्दील हुआ घर, उम्मीद बनकर पहुंची संत रामपाल की अन्नपूर्णा मुहिम

**खैरागढ़।** ब्लाक के दपका मे बीते दिनो आग से अपना झोपड़ीनुमा आशियाना गंवा चुकी विधवा महिला और उनके बच्चो की सुध लेने संत रामपाल के अनुयायियो ने हाथ बढ़ाया। बीते रविवार शाम आशा पति स्व महेश निषाद का झोपड़ीनुमा घर अचानक भयानक आग की चपेट में आ गया। तेज लपटों ने देखते ही देखते पूरे आशियाने को निगल लिया और घर का सारा सामान राख हो गया। घटना के वक्त आशा अपने मामा के घर और तीनो बच्चे खेलने के लिए गए थे। मुखिया महेश निषाद के दो साल पहले केंसर से निधन बाद बच्चों के लालन पालन की पूरी जिम्मेदारी आशा के ऊपर थी। रोजी मजदूरी करके घर चलाने और बच्चो को पएाने लिखाने वाली आशा पर आगजनी दुहरी मार के रूप मे सामने आई। कुछ ही पलो मे घर राख में बदल गया और अंदर रखा कपड़े, बर्तन, अनाज, चावल सहित पूरा सामान जलकर खाक हो गया।

#### संत रामपाल बने बेघर का सहारा

दर्दनाक घटना की सूचना संत रामपाल महाराज के अनुयायियों को मिली तो गुरु के आदेश से वे दपका पहुंचे और सबसे पहले पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरी स्थिति का जायजा लिया और



अगले दिन अन्नपूर्णा मुहिम तहत राहत सामग्री परिवार तक पहुंचाई। राहत सामग्री में राशन सामान सहित बरतन, ओढने बिछाने चादर तकिया, पलंग, जूते चप्पल, गैस सिलेंडर, चूल्हा, सभी के लिए दो दो जोड़ी कपड़ा, पंखा सहित दैनिक जीवन से जुड़ी सभी वस्तुए पर्याप्त मात्रा मे थी। सरपंच केशरी कमल नेताम ने कहा कि अन्नपूर्णा मुहिम तहत जीवन जीने की मूलभूत सुविधा मुहैया कराने की पहल सराहनीय है, देश और समाज में ऐसे संतों की आवश्यकता है। संत रामपाल की कृपा और अनुयायियों की मदद से आशा निषाद और उनके बच्चों को बड़ी राहत मिली। इस दौरान संत रामपाल के अनुयायी दुष्यंत साहू, बरसाती पटेल, चंद्र कुमार वर्मा, गांधी मानिकपुरी, राजेश वर्मा, भुनेश्वर साहू सहित ग्रामवासी मौजूद थे। गौरतलब है कि संत के आदेश पर अनुयायियो ने तीन महीने पहले अन्नपूर्णा मुहिम का शुभारंभ किया है जिसके तहत आगजनी, बाढ़ या अन्य किसी कारण से जब परिवार बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है तो देश के अलग अलग प्रांतो मे रहने वाले शिष्य सूचना मिलते ही खुद ब खुद उस असहाय परिवार के दुख को अपना समझकर हर संभव सहयोग करते है।

## सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को मिल रहा प्रतिसाद

# अपने घर की छत पर अपना बिजली घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

हमारे सौर मंडल में ऊर्जा का सबसे बड़ा और शाश्वत स्रोत है सूर्य। यही कारण है कि सौर ऊर्जा को हरित ऊर्जा कहा जाता है, क्योंकि इसके उपयोग से बिजली उत्पादन के दौरान कोई प्रदूषण नहीं होता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी बड़े उद्देश्य को लेकर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। इस योजना के तहत मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। छत्तीसगढ़ में भी हमने 5 लाख घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का संकल्प लिया है।

सरकार 1 से 3 किलोवाट तक



के सोलर प्लांट लगाने के लिए 30,000 से 78,000 तक की सब्सिडी दे रही है। तकनीकी रूप से देखें तो, 3 किलोवाट का सोलर प्लांट हर माह लगभग 300 यूनिट बिजली उत्पन्न करता है।

यदि उस महीने आपके घर में उतनी बिजली की खपत नहीं होती, तो अतिरिक्त बिजली सीएसपीडीसीएल के ग्रिड में सुरक्षित हो जाएगी और अगली बार उपयोग के लिए उपलब्ध रहेगी, यानी, आपका बिजली बिल लगातार कम होता जाएगा।

#### बिजली बिल खत्म करने का समय

इस संबंध छुईखदान स्थित विद्युत कार्यालय द्वारा आमजनों को इसकी जानकारी दी जा रही है जिसमें आम नागरिकों को इसके लाभ गिनाए जा रहे हैं। जिसके चौक चौराहे पर विद्युत विभाग द्वारा विज्ञापन की गाड़ी पूरे छेत्र में प्रचार कर रही जिसमें स्थानीय लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन भी कराया है। विद्युत विभाग की सहायक अभियंता मदालसा विश्वकर्मा और उप सहायक अभियंता अमन कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द पीएम सूर्यघर योजना के पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण कराएं,

### मनाया गया रजत जयंती पखवाड़ा



**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में 28 अगस्त से 7 सितंबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रजत जयंती पखवाड़ा मनाया गया। इन गतिविधियों में विद्यालय एवं ग्राम स्तर पर अलग-अलग विधा में जैसे वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, इतिहास लेखन, पुस्तक वाचन, स्पीड पुस्तक वाचन, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, शिक्षक सम्मान समारोह, एलुमिनी बैठक, विद्यालय विकास प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता व्यवसायिक कौशल विकास, भाषण प्रतियोगिता मेरे सपनों का स्कूल, सांस्कृतिक प्रदर्शनी आदि गतिविधियों को छात्र-छात्राओं की सहभागिता में किया गया। सभी कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा किया गया।

प्राचार्य अशीम कुमार यदु द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दिया गया। सभी कार्यक्रम में संस्था के अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तम्बोली, राजेश कुमार नेताम, जितेन्द्र कुमार कश्यप, नोहरदास लिल्हारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

## सार समाचार

### चैतन्य देवियों की झांकी 23 से

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन 23 सितंबर से होने जा रहा है। ज्ञात हो कि राजयोग साधनारत ब्रह्माकुमारी बहनें ही विभिन्न देवियों के रूप में विराजमान होती है, जो देखने में साक्षात प्रतिमा सी लगती है। ऐसी अद्भुत झांकी देखने के लिए 23 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आप सभी सादर आमंत्रित हैं। इस झांकी का आयोजन ब्रह्माकुमारीज के नए भवन डोंगरगांव रोड गोकुल नगर के आगे बिजली सब स्टेशन के पास स्थित ज्ञान मानसरोवर में प्रतिदिन संध्या 7 से रात्रि 10 बजे तक होगी। यह जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने दी।

### हिंदी दिवस पर आभा को मिला सम्मान

**राजनांदगांव।** हिंदी दिवस पर टाउन हॉल रायपुर में आयोजित हिंदी उत्सव कार्यक्रम में राजनांदगांव की साहित्यकार आभा श्रीवास्तव को उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान तथा जिला प्रशासन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में हिंदी की बदलती दुनिया विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। साथ ही कई नई पुस्तकों का विमोचन और आकाशवाणी समाचार वाचकों का सम्मान भी किया गया। समारोह में दिल्ली से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल कमल, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज, छत्तीसगढ़ मित्र के संपादक डॉ. सुशील त्रिवेदी, संस्कृति विशेषज्ञ राहुल कुमार सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. सुरेश शुक्ल तथा कार्यक्रम की संयोजक शकुंतला तरार व सीमा निगम की उपस्थिति में आभा श्रीवास्तव को सम्मान प्रदान किया गया।

### केसर नगर में इस वर्ष भी भव्य होगा दुर्गा उत्सव

**राजनांदगांव।** कालीबाड़ी केसर नगर स्थित बंगाली समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा उत्सव को इस वर्ष भी पारंपरिक भव्यता के साथ मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। हाल ही में समिति की बैठक आयोजित कर पूजा आयोजन की रूपरेखा तय की गई तथा पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. डीके पाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद हेतु प्रदीप रॉय, प्रदीप बोस, एसके सरकार, जूथिका सेनगुप्ता, सविता बोस, वंदना सिन्हा, सोनिया भट्टाचार्य, पार्थो रॉय, निरंजन बेपारी, सुजीत दत्ता, प्रदीप हरि एवं रंजित सरकार का नाम तय किया गया। वहीं सचिव पद की जिम्मेदारी सतदल पात्रा को सौंपी गई। सह-सचिव के रूप में भास्कर पॉल, शंभु गुच्छाईत एवं असीत मन्ना का मनोनयन हुआ। समीर साहा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समिति ने जानकारी दी कि दुर्गा पूजा का शुभारंभ 27 सितंबर (महापंचमी) से किया जाएगा। आयोजन को आकर्षक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों से समृद्ध बनाने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

### पीड़ितों की होगी हरसंभव मददः राजपूत

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बजरंगपुर नवागांव में घटित घटना पर दुख व्यक्त करते कहा कि इस तरह की नृशस हत्या कि वे कड़ी निंदा करते हैं। आज विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व



मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने जिस तरह से नवागांव के पीड़ितों के साथ मानवता और संवेदनशीलता के साथ बातचीत की और कहा कि वह यहां के विधायक के नाते आपके सुख-दुख में मैं पूरी तरह से भागीदार हूं और किसी भी प्रकार की मदद के लिए मैं सदैव आपके साथ खड़ा हूं और आगे भी लगातार आपके साथ रहूंगा। पीड़ित परिवारों का डॉ. रमन सिंह के प्रति विश्वास स्पष्ट दिखा। शराब और नशे के प्रति युवाओं में बढ़ते जुनून के प्रति लोगों में आक्रोश देखकर डॉ. सिंह ने तत्काल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से स्वीकृति ली और एक माह के अंदर बजरंगपुर नवागांव में नई पुलिस चौकी की स्वीकृति भी दिलवाई।

पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के अलावा अनुकंपा नियुक्ति एवं अन्य सहायता भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया और नशे तथा शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई दिशा-निर्देश दिया।श्री राजपूत ने कहा कि डॉ. रमन सिंह एक पारिवारिक मुखिया की तरह पीड़ित परिवारों के साथ खड़े दिखे और उन्होंने परिवारजनों को आगे के लिए आश्वस्त भी किया।

### पहाड़ी पाठ मंदिर में 22 को होगी ज्योति प्रज्ज्वलित

**राजनांदगांव।** पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति ग्राम जोरातरई, मनगटा जंगल, स्टेशन मुढ़ीपार में दुर्गा नवमी नवरात्रि अवसर पर ज्योति



कलश स्थापना 22 सितंबर को की जाएगी। पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति के पुजारी संतोष कुमार शर्मा एवं समिति अध्यक्ष व जोरातराई पूर्व सरपंच संतोष कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष भी ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। जिसमें तेल में 701 रुपए एवं घी में 901 रुपए निर्धारित की गई है। पहाड़ी पाठ मंदिर समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, उपाध्यक्ष नरसिंह साहू, सचिव सुदामालाल साहू, कोषाध्यक्ष रामलाल साहू, सह-सचिव पुरुषोत्तम कुमार साहू, संरक्षक सुरेंद्र शर्मा, संरक्षक शिवलाल चक्रधारी, संरक्षक डॉ. जीएस राजपूत एवं पुजारी संतोष कुमार शर्मा सहित क्षेत्रवासियों ने नवरात्रि की व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

### रामपुर में निकाली एड्स जागरूकता रैली

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा गोद ग्राम रामपुर में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में




एचआईव्ही/एड्स जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि एचआईव्ही वायरस शरीर में वैसे ही छिपा रहता है जैसे धरती के अंदर पानी। यह वायरस शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को समाप्त कर देता है। जिससे व्यक्ति कमजोर हो जाता है और अन्य वायरस के चपेट में आ जाता है। उन्होंने स्वयं बचने व समाज को बचाने के लिए आह्वान किया। रेड रिबन क्लब नोडल अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि एचआईव्ही ह्यूमन इम्यूनो वायरस है, जो केवल चार कारणों से फैलता है असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त चढ़ाने व गर्भवती माता से उनके बच्चे को। यह साथ में खाना खाने, एक-दूसरे के कपड़ा पहनने, एक ही शौचालय का उपयोग करने, हाथ मिलाने से नहीं फैलता। यदि किसी को अंजाने में एड्स हो गया हो तो जांच कराकर एड्स काउंसलर से उचित सलाह लिया जा सकता है। काउंसलर प्रत्येक जिला अस्पताल में शासन द्वारा नियुक्त किया गया है। ग्राम में यतीश कुमहा, भारत साहू, पंचगण, पदाधिकारीगण, रासेयो स्वयं सेवकों, ग्रामीणजनों के माध्यम से एड्स के जागरूकता के लिए रैली निकाला गया। रैली में एड्स जागरूकता हेतु नारे लगाए गए।

## समाज ने की गिरफ्तारी की मांग, दिया अल्टीमेटम

# आदिवासी महिला जपं सदस्य का ग्रामसभा में अपमान, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र की महिला जनपद सदस्य के साथ भरी ग्रामसभा में सरपंच द्वारा अपमानित किए जाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद आदिवासी समाज ने इस पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर आक्रोश जताया है और कलेक्टर, एसपी कार्यालय पहुंचकर तीन दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

बोरतलाव के सरपंच द्वारा महिला जनपद सदस्य को ग्रामसभा में अपमानित करने के मामले से आदिवासी समाज में आक्रोश है। इस मामले में रिपोर्ट के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर समाज आंदोलित हो रहा है। आदिवासी समाज ने सरपंच पर नेताओं के संरक्षण के चलते कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया है। आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि सरपंच भारतीय जनता पार्टी का पदाधिकारी है, इस वजह से उस पर कार्रवाई नहीं हुई।



### समाज करेगा उग्र आंदोलन

आदिवासी समाज की महिला जनप्रतिनिधि को अपमानित किए जाने के मामले में आदिवासी समाज में रोष है। आज समाज के लोगों ने इस पर कार्रवाई नहीं होता देख पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर पूरे मामले से अवगत कराया है। आदिवासी समाज के पदाधिकारी सुदेश टीकम ने कहा कि यह आदिवासी महिला का सार्वजनिक अपमान का मामला है। यह मामला 28 तारीख का है और अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे समाज में आक्रोश है। आज अंतिम अल्टीमेटम देने समाज के लोग यहां पहुंचे हैं, यदि तीन दिवस के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करेगा।

### छिंदीजोब के ग्रामसभा में हुआ विवाद

पूर्व सरपंच एवं वर्तमान जनपद सदस्य सभापति सरिता मंडावी ने कहा कि बीते 28 अगस्त को आश्रित ग्राम छिंदीजोब में ग्रामसभा का आयोजन किया गया था। इस ग्रामसभा में क्षेत्र की प्रतिनिधि होने के नाते वह भी शामिल हुई थी। इस दौरान उन्होंने अपने सरपंच रहते हुए पूर्व में किए गए कार्यों के भुगतान को लेकर वर्तमान सरपंच कैलाश उईके से बात की। इस पर वर्तमान सरपंच ने कहा कि कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, इसलिए भुगतान नहीं करेंगे। जनपद सदस्य ने कहा कि कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसका सत्यापन संबंधित इंजीनियर ने भी किया है। इसके बाद सरपंच ने उन्हें गोड़-गंवार कहकर संबोधित किया और भरी सभा में उन्हें अपमानित कर दिया। जनपद सदस्य ने कहा कि इसके बाद वह अजाक थाना पहुंची और इस मामले में एफआईआर भी कराई है, लेकिन मामले को 15 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# एनएचएम कर्मचारियों ने मांगी इच्छा मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम के कर्मचारियों ने आज राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। ग्रेड-पे, संविलियन, स्थानांतरण नीति निर्धारण, अनुकंपा नियुक्ति सहित अपनी दस विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी मांग पूरी नहीं होता देख आज इच्छा मृत्यु के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। एनएचएम कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर अभियान के जरिये राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की मांग की जाएगी।

### कर्मचारी मांगेंगे इच्छा मृत्यु

एनएचएम कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष डॉ. किरण गायकवाड़ ने कहा कि सरकार हमारी मांगों को नहीं मानकर वादा खिलाफी कर रही है। वहीं दमनकारी नीति अपनाकर कुछ साथियों को बर्खास्त कर दिया। उन्होंने कहा कि लगातार हड़ताल के बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं की जा रही है। जिसके चलते वह इस हस्ताक्षर अभियान के जरिये राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में यह अभियान चलाकर लगभग 16 हजार एनएचएम कर्मचारियों का हस्ताक्षर इच्छा मृत्यु के लिए राज्यपाल को सौंपा जाएगा।

### अलग-अलग तरीकों से प्रदर्शन

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगे पूरी करने के लिए अलग-अलग तरीकों से प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इच्छा मृत्यु के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। इससे पहले एनएचएम कर्मचारियों ने अपने खून से भी पत्र लिखा था, लेकिन उनकी मांगे पूरी नहीं हुई।

# गांव में शराब की अवैध बिक्री, पुलिस ने छापा मारकर कोचिए को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गांव के रोड मोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 23 पौवा जम्मू स्पेशल शराब बरामद कर कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 14 सितंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम हरदी रोड कसारी मोड़ के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम रवाना होकर मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी अरुण सोलवंशी के कब्जे से 23 पौवा जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 2760 रुपए एवं बिक्री रकम 320 रुपए बरामद कर आरोपी अरूण सोलवंशी को गिरफ्तार किया गया। जुर्म जमानतीय होने तथा आरोपी द्वारा जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सुन्नी मुस्लिम मनिहार सोसायटी का चुनाव संपन्न

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें धमतरी के मोहम्मद असलम निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान शहर के मुस्लिम जमात खाना में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेशभर से पहुंचे मुस्लिम मनिहार बिरादरी के लोग शामिल हुए।

आयोजन को लेकर हाजी रईस शकील अहमद शकील ने बताया कि यह मुस्लिम मनिहार बिरादरी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराने 1 से 22 अगस्त तक सदस्यता अभियान चलाया गया और 2 सितंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। वहीं 7 सितंबर तक अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल किया जाना था। जिसमें प्रदेशभर से केवल एक नाम निर्देशन पत्र धमतरी के मोहम्मद असलम का दाखिल हुआ। जिससे उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि आज नवनिर्वाचित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया है।

### स्वास्थ्य और शिक्षा प्राथमिकता

निर्विरोध निर्वाचित हुए अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने चुनाव कार्यक्रम संपन्न करने के लिए राजनांदगांव की कमेटी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। वहीं उन्होंने अपनी प्राथमिकता को लेकर कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य उनकी पहली प्राथमिकता होगी।



### चुनाव समिति का सम्मान

शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 के हाजियों और चुनाव समिति का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में प्रदेशभर से आए समाज के लोग उपस्थित थे।

# नवरात्रिः सड़क पर पंडाल लगाने की पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नवरात्रि एवं गरबा उत्सव को लेकर पुलिस अधीक्षक मोहित द्वारा दुर्गा पंडाल समिति एवं गरबा समिति के संचालकों की बैठक आयोजितकी गई। जिसमें सीसीटीवी कैमरा, ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित पार्किंग की व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एडिशनल कलेक्टर सीएल मारकंडे, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन की उपस्थिति में दुर्गा पंडाल समिति एवं गरबा समिति के आयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।




### गरबा का आयोजन अनुमति के साथ हो

बैठक में आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नवरात्रि एवं गरबा उत्सव का आयोजन विधिवत अनुमतियों के साथ किया जाए। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु पंडालों में यथासंभव सीसीटीवी कैमरे लगाने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त आयोजकों को पंडाल का सुरक्षित एवं मजबूत निर्माण सुनिश्चित करने तथा आगंतुकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था बनवाने के निर्देश दिए गए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर विशेष ध्यान देने कहा गया, ताकि निर्धारित मापदंडों के अंतर्गत ही ध्वनि विस्तार का उपयोग किया जाए।

### असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से कहा कि नवरात्रि उत्सव के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी आयोजकों से आग्रह किया गया कि वे प्रशासन के सहयोग से यह पर्व शांति, सौहार्द्र और उल्लासपूर्वक मनाएं।

# स्कूल में समस्या को लेकर सौंपा मांग पत्र

**राजनांदगांव।** जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर, भर्रेगांव उप सरपंच लक्की चंद्राकर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव राजू राम साहू, भर्रेगांव संकुल समन्वयक दीपक साहू को जिला शिक्षा अधिकारी के नाम पत्र प्रेषित कर मांग करते बताया कि विद्यालय में अतिरिक्त भवन क्लास रूम की आवश्यकता है।



उन्होंने बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय भर्रेगांव में कक्षा दो पाली में लगती है। वर्तमान में अंग्रेजी माध्यम की कक्षा सुबह 7.20 से 11.50 तक संचालित होती है। हिंदी माध्यम की कक्षा 12 से 5 बजे तक संचालित दो पाली में विद्यालय संचालित होने के कारण बच्चों एवं शिक्षकों को कक्षा में अध्यापन हेतु कम समय मिलता है, इसलिए विद्यालय में नई बिल्डिंग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान करें, ताकि विद्यालय के छात्र-छात्राओं के भविष्य को और बेहतर बनाया जा सके। साथ ही स्कूल में शिक्षक एवं कर्मचारियों की आवश्यकता और पाठ्यपुस्तक की मांग रखी।

पृष्ठ 11 का शेष

**बगैर ऋण पुस्तिका...**

वहीं ऋण पुस्तिका होने के बावजूद हर एक रजिस्ट्री के लिए पंजीयक दफ्तर के अफसर कमीशन ले रहे हैं। इस पूरे मामले से परेशान पक्षकार अब जल्द ही मामले की शिकायत विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं संबंधित विभाग के मंत्री ओपी चौधरी से करने की तैयारी में हैं। इस मामले में पंजीयक सोनाली बोर्डे से संपर्क करने का प्रयास किया, किन्तु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**शिक्षकों की कमी...**

शिक्षकों के बीच आपसी लड़ाई- कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे पालकों ने बताया कि शिक्षकों के बीच आपसी लड़ाई भी स्कूल में चलाती रहती है। जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। वहीं विज्ञान विषय की शिक्षिका का स्थानांतरण कर दिया गया है, जो बच्चों को बेहतर पढ़ाती थी।









हरिभूमि
डोंगरगढ़ क्षेत्र के जिन सुधी पाठकों को 'हरिभूमि' समाचार पत्र प्राप्त न हो रहा हो वे कृपया निम्न नंबरों पर संपर्क करें
हरिभूमि जिला कार्यालय
दुर्गा चौक, राजनांदगांव
मो. 9300963883, 7489534456









## खबर संक्षेप

### दौजरी मे संगीतमय श्रीमद्भागवत साप्ताहिक महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम दौजरी में संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन कार्यक्रम 11 से 19 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। जिसमें श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुरुआत भव्य कलश यात्रा से कथा व्यास आचार्य पं सुरेश शर्मा व परायणकर्ता और कथावाचक पं राजु शर्मा द्वारा किया गया जिसमें ग्राम दौजरी सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों व श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिससे ग्राम दौजरी सहित ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासियों में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में मन्नूराम साहू, घनश्याम, नरेश, गंगाराम, राधेला, दिलीप, प्रकाश, तुकाराम, खेलू साहू, मीनू साहू, डमेश्वर साहू, होरीराम साहू, मनहरण, डेविड साहू, कुमार साहू जुटे हुए हैं।

### जीवन के लिए ओजोन थीम पर चिमरा स्कूल में ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने पाठ्येत्तर एवं अन्य क्रियाकलापों कॉल निरंतर गति प्रदान करते हुए मानव जीवन के लिए ओजोन विषय पर छात्राओं को ओजोन परत क्या है? ओजोन परत का महत्व, ओजोन परत की रक्षा कैसे कर सकते हैं, विषय को विस्तार करते हुए छात्रों के मध्य ओजोन परत ऑक्सीजन का एक अणु जिसमें तीन ऑक्सीजन के परमाणु होते हैं। ओजोन तीन परमाणुओं से मिलकर बना एक गैस है जो समताप मंडल में विद्यमान है। ओजोन परत की रक्षा हम सीएफसी, नाइट राइस ऑक्साइड एवं मानव निर्मित रसायन के उपयोग को काम करके ओजोन परत की रक्षा कर सकते हैं। प्रभारी प्रधान पाठक दिलीप कुमार नागवंशी ने ओजोन परत के महत्व को बदलते हुए बताया कि ओजोन परत सूर्य की पैराबैंगनी करने को पृथ्वी तक आने से रोकती है, हमें मानव जीवन में त्वचा रोग, कैंसर, श्वास की बीमारी से बचाए रखती है, विज्ञान शिक्षिका नीलिमा तिवारी ने ओजोन परत की महत्वपूर्ण देन हवा और पानी को शुद्ध करने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला, शिक्षिका मल्टी चंद्रवंशी ने समस्त छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और हानिकारक गैसों के उपयोग न करने एवं जन जागृति के माध्यम से ओजोन परत की रक्षा का संकल्प दोहराया।

### साहू संघ कुण्डा का ग्रामीण स्तर पर गठनः अध्यक्ष होरीलाल व कोषाध्यक्ष राजकुमार बने



**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम कुण्डा में साहू समाज का गठन किया गया, जिसमें होरीराम साहू को अध्यक्ष एवं राजकुमार साहू (राजू) को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। जिसमें साहू समाज कबीरधाम के जिलाध्यक्ष पतिराम साहू के आदेशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा लालाराम साहू एवं सचिव लेखराम साहू पर्यवेक्षक के कुशल मार्ग दर्शन में साहू समाज के वरिष्ठ सुधाराम साहू, तहसील उपाध्यक्ष माधुरी साहू, तहसील महामंत्री महेश्वर साहू, बुधवा राम साहू, रामकुमार साहू के गरिमामय उपस्थिति में साहू समाज का बैठक आयोजित की गई। जिस पर ग्रामीण स्तर का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया, जिसमें दो उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं 20 कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। जिसमें अध्यक्ष होरीलाल साहू, कोषाध्यक्ष राजकुमार (राजू साहू), उपाध्यक्ष सुरेश साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी साहू, सचिव रामफल साहू एवं सदस्यगण जकल साहू, मुखीराम साहू, पंचराम साहू, राजकुमार साहू, कोमल साहू, मालिकराम साहू, गोपाल साहू, बुधवा साहू, विजय साहू, राजेश साहू, पन्ना साहू, भागवत साहू, रमेश साहू, लवलेश साहू, जय कुमार साहू, जयराम साहू, विनोद साहू, जीतराम साहू, अर्जुन साहू, छेदी साहू की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने धूमधाम से मनाया धर्मजीत सिंह का जन्मदिन



**हरिभूमि कुण्डा।** छत्तीसगढ़ पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह का जन्मदिन 13 सितंबर शनिवार को भाजपा के कार्यकताओं एवं समर्थकों ने बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही 14 सितंबर को उनके समर्थक हॉटल इंटरसिटी के संचालक सुरेन्द्र सिंह छबड़ा एवं हरदीप सिंह सलूजा परिवार द्वारा जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने विधायक धर्मजीत सिंह को बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी एवं शीश-कलम से बने उनके छायाचित्र भेंट की गई। जिसमें कुण्डा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष अमन खनूजा, उप-सरपंच मुमताज अहमद, पंच भूपेंद्र चंद्राकर, मण्डल उपाध्यक्ष हरेकृष्णा शुक्ला, रमन सिंह, प्रतिनिधि जनपद सदस्य गोलू सोनवानी, पंच रमेश सारथी, गणेश सोलंकी, बाबूलाल रजक, विनोद रजक, पूर्व पंच रघुवीर सिंह चौहान सहित गणमान्य नागरिक तथा जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण मुख्य रूप से उपस्थित थें।

# डोंगरिया खुर्द व रापा में मुक्तिधाम नहीं, बारिश में तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार करने ग्रामीण मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया ब्लॉक के ग्राम डोंगरिया खुर्द व रापा में शर्मसार कर देने वाली तस्वीर सामने आई है, जो शासन-प्रशासन के विकास के तमाम दावों पर सवाल खड़े करती है? जिस पर बारिश के बीच गांव की एक महिला की अंतिम यात्रा तब और भी दुःखद बन गई, जब मुक्तिधाम में शेड नहीं होने के कारण शव को तिरपाल से ढककर अंतिम संस्कार की रस्में पूरी करनी पड़ी।

यह मामला रविवार की है जब डोंगरिया खुर्द निवासी बुजुर्ग महिला भगवती यादव उम्र 90 वर्ष की मृत्यु हो गई, महिला की जब मौत हुई उस समय जिले सहित पूरे डोंगरिया खुर्द में लगातार बारिश का दौर था। ऐसे में परिजनों और रिश्तेदारों को महिला के अंतिम संस्कार की चिंता सता रही थी, क्योंकि गांव में मुक्तिधाम के नाम पर एक खुला मैदान है। बारिश होने पर दाह-संस्कार के लिए एक शेड तक नहीं है, गांव में मुक्तिधाम नहीं होने की स्थिति में परिजन दुकान से तिरपाल खरीदकर लाए और टीन के पल्लड़ और तिरपाल से ढककर निजी खेत में शव का अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि जब चिता से आग की लपटे उठी तो तिरपाल भी जल गई। बड़ी मुश्किल व मसक्कत से परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। लोगों ने बरसते पानी के बीच चारों ओर से तिरपाल खींचकर अंतिम संस्कार किया।





### हर मौत बन रही चुनौती?

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम डोंगरिया खुर्द और रापा में न तो पक्की सड़क है और नहीं मुक्तिधाम शेड जैसी जरूरी सुविधा नहीं है। हर बार किसी की मृत्यु होती है तो परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए संघर्ष करना पड़ता है। जिस पर रहवासियों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों से मांग कर डोंगरिया खुर्द और रापा में जल्द से जल्द मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाने अपील की गई है।

### बारिश के चलते सात घंटे बाद हो सका अंतिम संस्कार

बताया जाता है कि कुछ महीने पहले ऐसे मामले ग्राम पंचायत रापा निवासी टेकलाल चंद्राकर अंतिम संस्कार के समय बारिश शुरू हो गई। जिस पर परिजनों ने बारिश रुकने का इंतजार किया, लेकिन दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। मजबूरन परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए शव को अपने निजी खेत में ले गए, जहां बारिश के चलते अस्थायी रूप से तिरपाल लगाकर शाम 05 बजे अंतिम संस्कार करना पड़ा। अंतिम संस्कार करने के लिए इन्हें लकड़ियों की सहायता से तिरपाल लगानी पड़ी। इस अव्यवस्था को लेकर गांव के रहवासियों में अधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। जिस पर ग्रामवासियों का कहना है कि शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि सभी विकास कार्यो के दावे करते हैं बड़ी-बड़ी हवाई बातें करते हैं, लेकिन जब ग्रामीणों को शमशान घाट जैसी जगह पर ही मूलभूत सुविधाएं ना मिल पाए तो इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है?

## टमाटर में दाग-धब्बे व कीट प्रकोप से नुकसान की संभावना, किसान चिंतित

# मौसम की मार झेल रहे क्षेत्र के ग्रामीण किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में तक इन समय वर्तमान में मौसम का उतार-चढ़ाव बना हुआ है। साथ ही साथ बूंदाबांदी व गरज चमक के साथ बारिश होने किसानों के खेतों में परिपक्त व टमाटर के पौधे फल-फूल लगकर तैयार हो चुके हैं। वहीं इस समय अब बूंदाबांदी के साथ बारिश से टमाटर खराब व दाग-धब्बे की संभावना बनी हुई। जिससे कारण किसानों की चिंता व परेशानियां और बढ़ गई है।

बताया जाता है कि बरसात के दिनों में टमाटर की फसलों में फूल व फल निकल आए हैं, वहीं यदि अधिक बारिश होने की स्थिति में टमाटर के फूल व फलों पर बारिश से फसल क्षतिग्रस्त तथा भारी नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

जिस पर ग्रामीण किसान लाल प्रसाद साहू, गोवर्धन ओंगरे ने बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव से टमाटर की फसल पूरी तरह नष्ट होने के कगार पर आ सकते हैं, टमाटर में दाग-धब्बे और कीटों के प्रकोप से किसानों को भारी नुकसान व चिंतित हैं, खासकर जब इससे फसल की गुणवत्ता गिरती है और उत्पादन में कमी आती है। वहीं दूसरी तरह टमाटर की फसल पर कीट प्रकोप की लक्षण दिखाई देने से मंहगी-मंहगी दवाईयों का छिड़काव कर रहे हैं ताकि टमाटर फसल सुरक्षित रहें।

### बारिश के चलते टमाटर की फसल खराब



ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार टमाटर फसल परिपक्त होकर तैयार हो चुके है लेकिन टमाटर में धब्बे और कीट विभिन्न रोगों और कीटों के कारण फसल प्रभावित हो रही है। जिसमें जीवाण्विक धब्बा (बैक्टीरियल स्पॉट) कवक या जीवाणु के कारण, सेप्टोरिया पत्ती धब्बा कवक के कारण होता है साथ ही साथ मौसम में उथल पुथल के चलते टमाटर की फसल प्रभावित हो रही है। जिससे किसान की परेशानी साफ देखी जा सकती है। इससे टमाटर किसानों को फसल उत्पादन पर गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना बनी हुई है। जिनके कारण किसानों के हाथों से लाल टमाटर निकल जाने की आशंकाएं साथ ही किसानों को भारी हानि होने की चिंता सताने लगी हैं।

# शैक्षणिक संस्थानों में सुधार की मांग को लेकर अभाविप ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति में सुधार करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिला संयोजक गजाधर वर्मा ने बताया कि कवर्धा जिला शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल में रहने वाला जिला है, जिसकी स्थिति आज देखते है तो बहुत दुःख होता है जहां शिक्षक का अभाव, भवन की कमी, एडमिशन के नाम पर पैसे लेना व छात्रावास में अधीक्षक की मनमानी जैसे अनेक विषय सामने आ रहे हैं।

जिसके कारण विद्यार्थी स्वयं सड़कों पर आने के लिए मजबूर हो गए हैं। जिसका उदाहरण हमें झलमला व पिपरिया स्कूल में देखने को मिला है, यह केवल शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कमियों के कारण है आज जिस तरह की स्थिति है उस पर तुरंत सुधार करने की आवश्यकता है। शिक्षा के क्षेत्र को अनदेखा करना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

वहीं नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने बताया कि जिले के विभिन्न महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, कन्या महाविद्यालय कवर्धा, पंडरिया, पिपरिया स्थानों पर अतिरिक्त भवन की जरूरत है व बोड़ला महाविद्यालय का बिल्डिंग पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, जिसके लिए विद्यार्थी परिषद ने अनेकों बार आंदोलन किया पर सरकार केवल चुप्पी साधे हुए बैठी है। विद्यार्थी परिषद ने आज पुनः ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराया है साथ ही साथ मांग की गई कि तीन दिवस के भीतर कार्य पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## लोधी क्षत्रिय कर्मचारी का प्रदेश स्तरीय त्रि-वर्षीय चुनाव में प्रदेश सचिव निर्वाचित हुए



- आनंद कौशिक निर्विरोध सचिव के पद पर निर्वाचित हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों लोधी क्षत्रिय कर्मचारी एवं बुद्धिजीवी संगठन (लक्ष्य) का प्रदेश स्तरीय त्रि-वर्षीय निर्वाचन राजनांदगांव के लोधी सामाजिक भवन में संपन्न हुआ। राज्य निर्वाचन अधिकारी किशोर वर्मा, रूपकुमार महिकवार, गुनाराम चंदेल के समक्ष अध्यक्ष तीन उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रचार सचिव, कार्यकारिणी सदस्य के लिए नामांकन भरा गया। सचिव पद के लिए कबीरधाम जिला बाजार चारभाठा निवासी शिक्षक आनंद कौशिक ने अपना नामांकन भरा, एकल नामांकन होने के कारण आनंद कौशिक निर्विरोध सचिव के पद पर निर्वाचित हुए। वहीं अध्यक्ष चैनदास जंघेल, महासचिव दानेश्वर लिल्हारे, कोषाध्यक्ष दीनूराम वर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, दुर्जन जंघेल, बसंती जंघेल, कार्यकारिणी सदस्य पंचूराम वर्मा, यशवंत जंघेल, कृतलाल वर्मा, उत्तम वर्मा और प्रचार सचिव नंदकुमार वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। यह निर्वाचन जीवन कौशिक प्रदेश संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, संजीव कौशिक महासचिव , राजेश कौशिक संगठन मंत्री, रामफल कौशिक सर्किल सचिव कवर्धा एवं लक्ष्य संरक्षक, आजीवन सदस्य, साधारण सदस्य, समस्त लक्ष्य जिलाध्यक्ष व कार्यकरिणी की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ। कबीरधाम जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने निर्विरोध निर्वाचित होने के लिए आनंद कौशिक को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# सेवई-कछार में लाखों का जुआ फड़ पकड़ाया, 6 आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने 1 लाख 60 हजार रुपए नगद जब्त कर कार्यवाही की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



कवर्धा भोरमदेव थाना क्षेत्र के ग्राम सेवई-कछार में चल रहे लाखों रुपए के जुआ फड़ पर पुलिस ने दबिश दी। वहीं विधिवत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 1 लाख 60 हजार रूपए नगद जब्त किए हैं। हालांकि इस पूरे मामले में जिले के एक बड़े नेता के बेटे और कुछ कर्मचारियों पर कार्यवाही न होने का आरोप लग रहा है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि पुलिस ने चुनिंदा आरोपियों पर ही शिकंजा कसा, जबकि कई शासकीय कर्मचारी और नेता पुत्र इस जुआ फड़ में शामिल थे। डीएसपी कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दो से तीन शासकीय कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों पर कार्यवाही की जा रही है, लेकिन अब तक पुलिस ने जुआरियों की पूरी सूची सार्वजनिक नहीं की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कवर्धा पुलिस छोटे-छोटे मामलों में भी आरोपियों को हथकड़ी लगाकर जुलूस निकालती है, लेकिन लाखों रूपए के जुआ फड़ में पकड़े गए आरोपियों का नाम तक उजागर नहीं कर रही है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यदि कोतवाली थाना क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो आरोपियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इस बीच पुलिस द्वारा मामले की जानकारी साझा न करने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संकुल प्राचार्य ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**कवर्धा।** कवर्धा ब्लॉक के संकुल केन्द्र छिरहा के संकुल प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी ने शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला छिरहा और प्राथमिक शाला जुनवानी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। डॉ. चंद्रवंशी ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे पूरी तैयारी के साथ कक्षा में जाएं और तीसरी से पांचवीं तक के कमजोर छात्रों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करें। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत निर्धारित बीस बिंदुओं के अनुसार स्कूलों को अपडेट रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तिमाही परीक्षाओं के पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छ पेयजल और स्कूल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का मार्गदर्शन भी दिया। संकुल प्राचार्य द्वारा स्कूलों का निरीक्षण कर शिक्षा स्तर को सुधारने और छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने की दिशा में सतत प्रयास किया जा रहा है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं स्वच्छोत्सव 17 से

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप स्वच्छ भारत के रूप में स्वच्छता ही सेवा अभियान को जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मनाया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दायित्व सौंपा है। कलेक्टर गोपाल वार्म ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को सकारात्मक दिशा प्रदान करना तथा सामूहिक रूप से गांव एवं क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत मेगा स्वच्छता अभियान, गंदे एवं कचरे के ढेर जमा स्थलों की सफाई, स्वच्छाग्रही, सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर आयोजन तथा त्यौहारों को पर्यावरण अनुकूल एवं जीरो वेस्ट पद्धति से मनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# गैरजिम्मेदारी के चलते सिर्फ सरकारी दाल-भात केन्द्र बनकर रह गए जिले के कई सरकारी स्कूल

## ठेंगाटोला स्कूल में तालेबंदी, बैगा बच्चों का भविष्य दांव पर, घर बैठे मुफ्त का वेतन झौंक रहे कई शिक्षक, विभाग बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग के लाख दावों और तथा कथित प्रयासों के बाद भी जिले में संचालित सरकारी स्कूलों में पदस्थ प्रधान पाठकों व शिक्षकों की मनमानी तथा बदहाल व्यवस्था में कोई सुधार होते नहीं दिखाई दे रहा है।

सबसे ज्यादा खराब स्थिति जिले के वनांचल और आदिवासी बाहुल्य ईलाकों में संचालित सरकारी स्कूलों की है। जहां सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के बच्चों के भविष्य को संवारने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। बताया जाता है कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम ठेंगाटोला प्राथमिक शाला संकुल नेऊर का गत 11 सितम्बर को दोपहर करीब 12.26 बजे शैक्षिक समन्वयक निरीक्षण करने पहुंचे लेकिन निरीक्षण के दौरान स्कूल में ताला जड़ा मिला। इस दौरान स्कूल के रसोइया, सफाई कर्मी और ग्रामीणों से पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में पदस्थ प्रभारी प्रधान पाठक मोहित धुर्वे केवल सप्ताह में एक दिन स्कूल आते हैं और वह भी सिर्फ हस्ताक्षर करने के लिए। वहीं पदस्थ शिक्षक हेमंत कुमार साहू एक-एक दिन के अंतराल में स्कूल पहुंचते हैं। इस स्थिति में रसोइया बच्चों को मध्यान्ह भोजन कराकर स्कूल की छुट्टी कर देता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस स्कूल में 20 छात्र और 19 छात्राएं अध्यनरत हैं लेकिन स्कूल में बच्चों को दाल-भात या यूं कहें मध्यान्ह भोजन के अलावा कुछ नहीं मिल रही है। शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह से शून्य है। स्कूल सिर्फ सरकारी दाल-भात केन्द्र बनकर रह गया है जहां स्कूल शिक्षा के नाम पर और बच्चों के भविष्य के साथ प्रधान पाठक तथा शिक्षक भद्दा मजाक कर रहे हैं।

### ग्रामीणों ने संकुल समन्वयक पर लगाए गंभीर आरोप




ग्रामवासियों ने बताया कि संकुल समन्वयक को प्राथमिक शाला ठेंगाटोला में प्रधान पाठक तथा पदस्थ शिक्षक की मनमानी तथा घोरलापरवाही की पूरी जानकारी है लेकिन वह इनसे मिलीभगत कर कोई कार्यवाही नहीं करते। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रतिवेदन तैयार करने के बावजूद उन्हें उच्च कार्यालय तक नहीं भेजा गया। ग्रामीणों की माने तो इस तरह का औचक निरीक्षण भी महज खाना पूर्ति है। स्कूल में शिक्षकों की हाजरी फर्जी ढंग से भरी जाती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग से मांग की है कि अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए साथ ही इनसे मिलीभगत करने वाले समन्वयक की भी भूमिका की जांच की जाए। बैगा समाज के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा न जाए। उन्होने कहा कि सरकार यदि अब भी नहीं चेती तो यह बैगा बाहुल्य पहाड़ी क्षेत्र की अगली पीढ़ी को अशिक्षा के अंधेरे में धकेलने जैसा होगा। पाँचवीं तक पढ़ाई करने वाले बच्चे छठवीं तक नहीं पहुँच पा रहे हैं, और यह किसी शिक्षक की लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित शिक्षा हत्या है।

### जिले के कई स्कूलों का हाल बेहाल

यहां बताना लाजिमी होगा कि यह स्थिति सिर्फ ग्राम ठेंगाटोला प्राथमिक शाला भर की नहीं है बल्कि जिले के सभी विकासखण्ड के वनांचल तथा बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित प्रायः हर स्कूलों की हैं। जहां शासन-प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की गैर जिम्मेदारी, मिलीभगत तथा अनदेखी के चलते स्कूल शिक्षा की सिर्फ औपचारिकताएं निभाई जा रही है। चिंता जनक तो यह है कि शिक्षक जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे कुछ शिक्षक अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे हैं और घर में बैठकर सरकारी खजाने से हर माह हजारो रूपए का वेतन मुफ्त में झोंक रहे हैं।

**प्रदर्शन :** नगर पालिका तथा शासन-प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

# निराश्रित मवेशियों को नपा में दाखिल कर युकां ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में लगातार बढ़ रही निराश्रित मवेशियों की संख्या और उससे उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी नगर भर से निराश्रित मवेशियों को सकेलकर तथा उन्हें हांकते हुए सीधे नगर पालिका परिषद कवर्धा कार्यालय ले गए और मवेशियों को नगर पालिका परिसर के भीतर छोड़ दिया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा शासन, प्रशासन तथा नगरपालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। वहीं दूसरी तरफ जिस समय युवा कांग्रेस द्वारा यह प्रदर्शन किया जा रहा था उस समय नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी भी परिषद में मौजूद थे। वे युकां के इस प्रदर्शन को देख मौके पर पूजा की थाली लेकर पहुंच गए और उन्होने विधिवत गौ माता की पूजा अर्चना कर तथा उन्हें केला आदि खिलाकर कहा कि गौ माता को लेकर राजनीति करना और प्रदर्शन करना उचित नहीं है। लेकिन युवा कांग्रेस ने नगर पालिका अध्यक्ष की बातों को सिरे से खारिज करते हुए नगर में गौ माता की स्थिति और उससे उत्पन्न हो रही समस्याओं के लिए सीधे तौर पर नगर पालिका प्रशासन के साथ शासन प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा या। युकां पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि आज कबीरधाम जिले सहित कवर्धा शहर में गौ माता की जो स्थिति है उसके लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है। कांग्रेस की सरकार ने गौ माता को आश्रय देने के लिए समूचे जिले में गौठान का निर्माण किया था जहां गौवंश को सुरक्षा मिल रही थी लेकिन भाजपा की सरकार ने उन्हें बंद कर दिया। युका ने स्पष्ट किया की अगर भाजपा सरकार को यह योजना अच्छी नहीं लग रही थी तो इसके स्थान पर कोई और योजना अथवा प्रयास किए जा सकते थे लेकिन बीते दो वर्षो में सरकार ने ऐसा कुछ भी नहीं किया। नतीजन आज गौवंश सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। आए दिन जिले की सड़कों गौवंश के खून से लाल हो रही है। आश्रय के आभाव में गौवंशी सड़क में विचरण करने मजबूर है और इसकी जिम्मेदार प्रदेश की भाजपा सरकार है।

### गौमाता को लेकर सड़को पर प्रदर्शन करना उचित नहीः नपाध्यक्ष



नगर पालिका परिषद कवर्धा कार्यालय के सामने गाय माता को लाकर, गाय सड़को पर है इस आशय का प्रदर्शन किया जा रहा था। कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी व शहर के सभी पार्षदगणों ने इस अवसर पर आगे बढ़कर गौ माता की आरती उतारकर, भोजन कराकर नगर पालिका में प्रवेश कराया। उन्होंने कहा गाय हमारी माता है यदि नगर पालिका के द्वार तक स्वयं से आए या फिर गाय को पकड़कर पालिका तक लाए हम स्वागत ही करेंगे। नगर पालिका अपने क्षमता के अनुरूप 200 से अधिक गायों का स्वर्ण जयंती गौशाला में सरक्षण कर रही है। रही बात शहर में गायों की संख्या को लेकर है तो इसमें अधिकतर गायों को गौ पालक शहर में लाकर छोड़ जाते है जिसके कारण यह स्थिति निर्मित है। गाय समस्या नहीं है समस्या हम उसे बना रहे है सड़को पर छोड़ कर। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि जो भी गौ पालक है वे अपने गायों को अपने घरों में सेवा करें, सड़क में छोड़ना गौ माता के साथ अन्याय है। छत्तीसगढ़ सरकार ने गौधाम योजना के तहत समाज के साथ जुड़कर गौ संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होने कहा कि जितने लोग गायों को पालिका लेकर आए थे उतने लोग सिर्फ 2-2 गाय अपने साथ ले जाते तो निश्चित गाय माता की सेवा हो जाती है उन्होनें कहा कि गाय के पीछे राजनीति करनी थी सभी गायों को छोड़कर शहर में चले गए। ऐसे लोगो के कारण बाहर की गाय शहर की सड़कों पर दिख रही है । गोधन योजना सभी के लिए है जिन्हें भी गौ सेवा करनी है सरकार उनके साथ खड़ी है पर गौ माता की सेवा सामाजिक जागरूकता से ही होगी। हम सबको जागरूक होने की संवेदनशील होने की जरूरत है। गाय राजनीति का विषय नहीं है यह हमारी सनातन संस्कृति के आत्मा से जुड़ा हुआ विषय है उन्हें हो रहे कष्ट के लिए हम सब जिम्मेदार है। हम अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग रहे है इसलिए हमने गौ माता का सहर्ष स्वागत किया पूजा किया।

# पीएचई बोड़ला कार्यालय में घुसा पानी, अधिकारी नदारत



- चपरासी के भरोसे निकाला गया कार्यालय में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

इन दिनो बोड़ला क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते सोमवार को बोड़ला स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग का कार्यालय जलभराव से बुरी तरह प्रभावित हो गया। जिससे कार्यालय संचालन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

बताया जाता है कि लगातार बारिश के दौरान कार्यालय के अंदर कुर्सी, मेज और फाइलें तक पानी में डूब गईं। बाहर और भीतर हर तरफ पानी भर जाने से कर्मचारियों के लिए काम करना मुश्किल हो गया। स्थिति इतनी गंभीर रही कि कार्यालय परिसर से पानी निकालने के लिए पंप लगाया गया, लेकिन इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए केवल चपरासी को ही छोड़ दिया गया। वह जान जोखिम में डालकर बिजली के बीच पंप चला रहा था, जबकि करंट फैलने का खतरा साफ दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्यालय पहले से ही चपरासी के भरोसे खुलता और चलता है।

कार्यालय में सिर्फ लखन नामक कर्मचारी और चपरासी ही पूरे कार्यालय का संचालन करते है। अधिकारी मौके पर पहुंचकर हालात देखने तक नहीं आए, जिससे कर्मचारियों और आम जनता में नाराजगी है। बोड़ला कार्यालय की यह तस्वीरें विभाग की लापरवाही और उदासीनता को उजागर करती हैं।

जलभराव से जहां कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं कर्मचारी और आने वाले नागरिक भी खतरे में हैं। लोगों ने मांग की है कि उच्च अधिकारी इस पर तुरंत संज्ञान लें और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करें, ताकि भविष्य में कर्मचारियों को ऐसी खतरनाक परिस्थितियों से न गुजरना पड़े।

# नेशनल हाईवे में दर्दनाक सड़क हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के बोडला विकासखंड अंतर्गत पोंड़ी के समीप रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन की ठोकर से एक ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक फरार बताया जा रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के रविवार की देर शाम ग्राम हरिनछपरा निवासी सुरेश तिवारी अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जबलपुर–रायपुर नेशनल हाईवे पर बुधवारा पुल के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सुरेश तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया राहगीरों ने इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दी इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का सब बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।



# प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 19 सितंबर को कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर में 19 सितम्बर 2025 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें लक्ष्य बीमा सेवा केन्द्र, दर्री पारा, कवर्धा द्वारा पद बीमा सखी (महिला) के 30 पद तथा शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, प्रथम तल, जयप्रकाष कॉप्लेक्स, तेलीबांधा थाना के सामने, तेलीबांधा चौक, रायपुर द्वारा पद सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव (पुरूष) के 40 पद एवं सेल्स आफिसर (पुरूष) के 20 पद पर भर्ती किया जाना है। उक्त सभी पदों के लिए कार्यक्षेत्र संपूर्ण कबीरधाम जिला है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

# शहर के दर्जनभर युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश कांग्रेस के शहर अध्यक्ष ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की नीति-रीति से प्रभावित होकर सोमवार को कवर्धा शहर के 12 युवाओं ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। नवप्रवेशी युवाओं को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में विधिवत कांग्रेस की सदस्यता दिलाई और उनका गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और नीति, रीति देश के युवाओं, ग्रामीणों, किसानो सभी वर्ग और समुदाय को प्रभावित करने वाली है। यही वजह है कि युवा बड़ी संख्या में कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं। कांग्रेस प्रवेश करने वाले युवाओं में प्रवीण वैष्णव, अमरनाथ गुप्ता, दीपक जायसवाल, राहुल पाण्डेय, विजय सोनी, अरविंद सोनी, सागर नामदेव, गोवर्धन वर्मा, भारत वर्मा, अजय नागवंशी, प्रभात चन्द्रवंशी तथा मनोज यादव शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, नेता प्रतिपक्ष भीखम कोसले, शहर महामंत्री पुष्प लता जोशी, शीतेष चंद्रवंशी अध्यक्ष एनएसयूआई, तुकाराम चंद्रवंशी, जितेंद्र जैन कोषाध्यक्ष, जयंत जायसवाल मंडल अध्यक्ष, धीरज सिंह ठाकुर, राहुल यादव, पदुमसेन सेवादल आदि उपस्थित थे।




हॉकी गोल्डन बॉय-ओमकुमार साहू को किया सम्मानित, स्कूल प्रबंधन ने दी बधाई

# अशोका विद्यालय के खिलाड़ी ने बढ़ाया कवर्धा का मान, जीते पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विगत दिनों अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैदान राजनांदगाव में आयोजित 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग जोन से खेलते हुए अशोका पब्लिक स्कूल के छात्र मशहूर हॉकी खिलाड़ी ओमकुमार साहू ने पुनः एक बार फिर एक तरफा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजय दिलवाकर गोल्ड पदक पाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। छात्र हॉकी खिलाड़ी ओम कुमार साहू की इस उपलब्धि के लिए अशोका पब्लिक विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमति सारिका देवांगन ने हर्ष प्रकट करते हुए छात्र खिलाड़ी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होने कहा कि छात्र का यह प्रदर्शन न केवल अपने माता-पिता बल्कि विद्यालय के लिए गर्व की बात है, उन्होने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारे परिवार में ऐसे प्रशिक्षक एवं छात्र खिलाड़ी हैं जो निरंतर हमारे विद्यालय व शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। संचालक पवन देवांगन ने आगे बताया कि वर्तमान में ओमकुमार साहू कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत है,जो शुरू से होनहार विधार्थी रहे हैं। चिमरा ग्राम के किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले छात्र ने तमाम बधाओं, अभावो को पार कर अपने अथक प्रयास और कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल प्राप्त किया है। विद्यालय के हॉकी प्रशिक्षक शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि ओमकुमार साहू मेरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, उन जैसा शिष्य पाना भी गुरु के लिए गौरव की बात हैं। ओम कुमार साहू 02 बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेकर उसमे भी गोल्ड पदक प्राप्त कर चुके हैं और पांच बार लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में हॉकी गोल्डन बॉय के नाम से प्रसिद्ध हो चुके हैं। श्री वर्मा ने बतलाया कि ओमकुमार हॉकी खेल में फॉरवर्ड खिलाड़ी के रूप में खेल दिशा-निर्देशों का पालन कर निरंतर कठोर परिश्रम करते हुए अपने खेल कला को निखार रहा हैं। छात्र खिलाड़ी के इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए ओमकुमार साहू को विद्यालय के प्राचार्य एसएल नापित एवं प्राचार्य लोकनाथ देवांगन एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बाढ़ प्रभावित नदी नालों में लोगों की लापरवाही...



**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड बोड़ला स्थित ग्राम धूमाछापर नदी में अचानक आई बाढ़ में बहा ट्रेक्टर, बाल–बाल बचा चालक, अंचल में लगातार हो रही बारिश से क्षेत्रीय नदी, नाले उफान पर।